www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश**
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 5 | आंचलिक 7 | आंचलिक

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, गुरुवार 7 अप्रैल 2022, शुक्ल पक्ष षष्ठी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-07 अंक-346 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

गलत तरीकों से सफल होने से कई गुना बेहतर है, सही तरीके अपनाकर असफल हो जाना।

आज बेबाक

इन दिनों पूरी दुनिया भीषण महंगाई की चपेट में है। हर चीज महंगी होती जा रही है लेकिन ईमान अभी भी सस्ता है। पड़ोसी देश भिखारिस्तान को ही ले लें, वहां के प्रधानमंत्री कटोरा खान का कहना है कि उनकी सरकार को गिराने के लिए पाकिस्तानी सांसदों को 20-20 करोड़ रूपए दिए गए है। है न सस्ता सौदा? हमारे भारत में तो पार्षदों की बोली करोड़ों में लगती है। वैसे भी इमरान खान ने अपने सांसदों की कीमत ज्यादा ही बताई होगी। दो कौड़ी के सांसदों को खरीदने के लिए कोई अव्वल दर्जे का मूर्ख ही करोड़ों रूपए देगा।

सूर्योदय

उदय : 6.07 प्रात:

अस्त : 6.43 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,938,471,100

भारत: 1,404,337,783

बाजार

सेंसेक्स : 59610.41

निफ्टी: 17807.70

गोल्ड : 53,250 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 66,200 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 3.61 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	38.8	24.1
बिलासपुर	41.5	23.8
जगदलपुर	38.0	25.2
अंबिकापुर	38.5	21.2

आज का दिवस

विश्व स्वास्थ्य दिवस: विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को मनाया जाने वाला एक वैश्विक स्वास्थ्य जागरूकता दिवस है। स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते है। रोमांचक गतिविधियों से लेकर प्रतिज्ञाओं और योजनाओं का समर्थन करने तक, इन कार्यक्रमों का उद्देश्य दुनिया भर के लोगों की जीवन प्रत्याशा कैसे बढ़ाई जा सकती है, इस विषय में जागरूकता पैदा करना है। 1948 में, डब्ल्यूएचओ ने प्रथम विश्व स्वास्थ्य सभा का आयोजन किया था। सभा ने 1950 से विश्व स्वास्थ्य दिवस के रूप में, प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को मनाने का निर्णय लिया था। विश्व स्वास्थ्य दिवस विश्व स्वास्थ्य दिवस की स्थापना को चिह्नित करने के लिए आयोजित किया जाता है और संगठन द्वारा प्रत्येक वर्ष वैश्विक स्वास्थ्य के प्रमुख महत्व के विषय पर दुनिया भर में ध्यान आकर्षित करने के अवसर के रूप में देखा जाता है।

आत्मानंद स्कूलों के सूचना पट पर लिखना पड़ेगा कि कही से भी खरीद सकते स्कूल सामग्री

दीपक अरोरा

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी सहित राज्य भर में निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस लिए जाने के मामले को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। उन्हें शिकायत मिली थी कि न केवल नीजि स्कूल बल्कि आत्मानंद स्कूलों में भी पालकों को यह दिशा-निर्देश दिए जा रहे थे कि फलाने दुकानों से स्कूल ड्रेस और किताबें खरीदी जाए।

इसी परिपेक्ष में मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉक्टर आलोक शुक्ला को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिसके उपरांत शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला ने राज्य भर के कलेक्टरों को पत्र लिखकर निजी स्कूलों द्वारा की जा रही मनमानी पर नकेल कसने के निर्देश देने के साथ ही अधिनियम की धारा 10 की उप धारा 8 की ओर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी निर्देशित किया है।

प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला ने आत्मानंद स्कूलों के प्राचार्यों को भी पत्र ■ शेष पृष्ठ 6 पर

किसी भी कीमत पर निजी स्कूलों की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी इसके लिए हमने शिक्षा विभाग के मुख्य सचिव को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं

सीएम भूपेश बघेल

प्राइवेट स्कूलों द्वारा फीस बढ़ाए जाने के मामले को लेकर हमने समस्त कलेक्टरों को पत्र लिखकर निर्देशित कर दिया है उसके बाद भी अगर शिकायत मिलती है तो नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी

आलोक शुक्ला, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा

रूस से रक्षा खरीद में कटौती करे हिंदुस्तान, यह उसके हित में नहीं

पहली बार खुलकर बोला अमेरिका

वाशिंगटन (ए.)। अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने मंगलवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत आगे चलकर रूसी सैन्य उपकरणों पर अपनी निर्भरता को कम करेगा। ऑस्टिन ने सदन की सशस्त्र सेवा समिति के सदस्यों से कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए उनके (भारत) के साथ काम कर रहे हैं कि यह उनके लिए (हमारा मानना है कि) रूसी उपकरणों में निवेश जारी रखना उनके हित में नहीं है। वार्षिक रक्षा बजट पर कांग्रेस की सुनवाई के दौरान उन्होंने ये बयान दिया।

अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने मंगलवार को सांसदों से कहा कि रूस के सैन्य उपकरणों में निवेश जारी रखना भारत के हित में नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका चाहता है कि नई दिल्ली रूसी सैन्य उपकरणों पर अपनी निर्भरता कम करे। ऑस्टिन ने कहा, ÷और आगे हमारी मांग यह है कि वे (भारत) उन इक्विपमेंट्स को खरीदना कम करें जिनमें वे निवेश कर रहे हैं और बल्कि उन इक्विपमेंट्स को खरीदें जो अधिक हमारे लिए अनुकूल हों।

बिकेगा सिर्फ खरा सोना, हॉलमार्किंग के प्रति सख्ती बढ़ी

उन्होंने पूछा, भारतीय नेताओं को पुतिन को अस्वीकार करने और लोकतंत्र के अपने प्राकृतिक सहयोगियों के साथ संरेखित करने के लिए- हम विदेशी सैन्य बिक्री कार्यक्रम के माध्यम से कौन से हथियार मंच पेश कर सकते हैं जो भीड़ को प्रोत्साहित करेगा। विल्सन ने कहा, मैं आशा करता हूं कि आप भारत के महान लोगों के साथ काम करना जारी रखेंगे। और अगर हम बिक्री पर कुछ प्रतिबंधों को खत्म कर दें तो वे कितने अच्छे सहयोगी हो सकते हैं।

यह टिप्पणी तब आई जब रक्षा सचिव कांग्रेसी जो विल्सन के एक सवाल का जवाब दे रहे थे, जिन्होंने रूस और यूक्रेन युद्ध के बीच रूस पर भारत की स्थिति की आलोचना की थी। विल्सन ने कहा, भयानक रूप से, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र, हमारा कीमती सहयोगी भारत, अमेरिकी और संबद्ध विकल्पों पर रूसी हथियार प्रणालियों को चुनकर क्रेमलिन के साथ खुद को जोड़ने का विकल्प चुन रहा है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रूस-यूक्रेन युद्ध पर दो खेमों में बंटी दुनिया भारत ने लिया अपना स्टैंड: पीएम मोदी

नई दिल्ली (ए.)। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार यानी 6 अप्रैल को कहा कि भारत के मजबूत स्वतंत्र रुख ने उसे बिना किसी वैश्विक दबाव के अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने की अनुमति दी है। रूस-यूक्रेन युद्ध की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, ÷ऐसे समय में जब दुनिया दो खेमों में विभाजित है। भारत मानवता के लिए एक स्वतंत्र रुख अपना सकता है। भारत ने अपने राष्ट्रीय हितों को सबसे आगे रखा है।

पीएम मोदी ने भाजपा के 42 वें स्थापना दिवस पर कहा, इस साल का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी ने विपक्ष पर चलाए तीर

पीएम मोदी ने कहा, एक समय था जब लोगों ने यह उम्मीद करना छोड़ दिया था कि भारत प्रगति कर सकता है। लेकिन आज हर भारतीय गर्व से कहता है कि भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है।" पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, दशकों तक कुछ दलों ने वोट बैंक की राजनीति की। वे कुछ के लिए कल्याण के लिए काम करते थे। हमेशा बहुमत की चिंता करते थे। भेदभाव और भ्रष्टाचार वोट बैंक की राजनीति के परिणाम थे। अपने स्पष्ट और शुद्ध इरादों के साथ भाजपा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

डीजीपी ने ली सभी रेंज के आईजी की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बीते 29 मार्च की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के परिपालन के लिए डीजीपी अशोक जुनेजा की अध्यक्षता में बुधवार को पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर में प्रदेश के सभी रेंज पुलिस महानिरीक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनियमित वित्तीय कंपनियों (चिटफंड) डायरेक्टर्स की गिरफ्तारी, निवेशकों को राशि वापसी, गांजा तस्करी, प्रकरण वापसी, शिकायत जांच, महिला विरुद्ध अपराध, साप्ताहिक अवकाश, नव आरक्षकों का बुनियादी प्रशिक्षण, पदोन्नति, थानों एवं पुलिस कार्यालयों में डायल 112 की स्थापना, नक्सल पीड़ितों का पुनर्वास, कानून एवं व्यवस्था इत्यादि विषयों पर समीक्षा कर विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए।

बैठक के उपरांत विभिन्न मैडल/पुरुस्कार विजेताओं का सम्मान किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ पुलिस के न्यूज लेटर का विमोचन किया गया। मीटिंग में सभी रेंज पुलिस महानिरीक्षक, आईजी (गुप्त वार्ता) सहित पुलिस मुख्यालय के एडीजी, आईजी व डीआईजी उपस्थित रहे।

महंगाई के मुद्दे पर विपक्ष का लोकसभा से बहिर्गमन

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस, द्रमुक एवं तृणमूल कांग्रेस समेत कुछ अन्य विपक्षी दलों ने महंगाई के मुद्दे को लेकर बुधवार को लोकसभा से बहिर्गमन किया। लोकसभा में प्रश्नकाल पूरा होते ही कांग्रेस के नेता अधीररंजन चौधरी एवं अन्य सदस्य महंगाई को कम करने को लेकर सदन के बीचोबीच आ गये। सरकार से महंगाई कम करने को लेकर नारेबाजी की और कुछ देर बाद सदन से बहिर्गमन कर गये। विपक्षी दलों के हंगामे के बीच संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सदस्यों से चर्चा में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि इस विषय पर केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने सदन के समक्ष अपना बयान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बिहार में खत्म होगा शराबबंदी कानून, 20 अप्रैल को सुको में होगी सुनवाई

नई दिल्ली (ए.)। बिहार शराब निषेध कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के आग्रह पर सुनवाई 20 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी। राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रंजीत कुमार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि सरकार ने शराब कानून में एक अप्रैल को व्यापक संशोधन किया है। कानून में संशोधन को अदालत के सामने रखने के लिए समय चाहिए।

इससे पहले 14 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को तीन हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। इसके साथ ही

सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाईकोर्ट से इस तरह की याचिकाओं के रिकार्ड सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। लेकिन ये रिकार्ड सर्वोच्च अदालत नहीं पहुंचे। कोर्ट ने आदेश या कि रिकार्ड विशेष वाहक से मंगवाए जाएं।

जस्टिस एएम खानविलकर और जस्टिस सी टी रविकुमार की पीठ ने ये आदेश जारी किया। पीठ इस मुद्दे पर तीन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिसमें इंटरनेशनल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पोप फ्रांसिस ने बूचा से लाए गए झंडे को चूमा, युद्ध खत्म करने की अपील

नई दिल्ली। रूस द्वारा यूक्रेन पर पिछले 40 दिनों से अधिक से हमला जारी है। हाल के दिनों में बूचा शहर से कई बॉडी मिले हैं और अब भी लाशों को निकालने का सिलसिला जारी है। यूक्रेनी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब तक 400 से अधिक बॉडी मिल चुके हैं। इस बीच पोप फ्रांसिस ने यूक्रेन के बूचा शहर से लाए गए यूक्रेन के झंडे को चूमा और युद्ध को खत्म करने के लिए फिर से अपील की है।

पोप फ्रांसिस ने की युद्ध खत्म करने की अपील: पोप फ्रांसिस ने छह यूक्रेनी बच्चों का स्वागत किया और उन्हें एक विशाल चॉकलेट ईस्टर अंडा दिया। उन्होंने उनके लिए और सभी यूक्रेनियन के लिए प्रार्थना करने का आग्रह किया। उन्होंने लोगों ने कहा है कि युद्ध ने हमें क्या दिया है, ये बच्चे उसके उदाहरण हैं। इन बच्चों को सुरक्षित जगह तक पहुंचने के लिए अपना घर छोड़ना पड़ा और हजारों किलोमीटर दूर जाना पड़ा।

यूक्रेन के बूचा में काफी संख्या में शव मिलने से जुड़ी घटना पर भारत के विदेश मंत्री सुब्रमण्यम जयशंकर ने कहा है कि हम इस रिपोर्ट से काफी परेशान हैं। हम इन हत्याओं की निंदा करते हैं। हम इस घटना की स्वतंत्र जांच कराने के आह्वान का समर्थन करते हैं।

कर्नाटक हिजाब विवाद में अल-कायदा की एंट्री! मुस्कान की तारीफ में कविता पढ़ते दिखा अल-जवाहिरी

नई दिल्ली। कर्नाटक सहित भारत के अलग-अलग हिस्सों में हिजाब को लेकर हुए विवाद के बीच अब वैश्विक आतंकवादी समूह अल कायदा ने भी एंट्री कर ली है। मंगलवार को अल कायदा के नेता अयमान अल-जवाहिरी ने भारतीय मुसलमानों को 'इस उत्पीड़न' पर प्रतिक्रिया देने के लिए प्रोत्साहित किया।

अल कायदा के आधिकारिक शबाब मीडिया द्वारा जारी और SITE इंटेलिजेंस ग्रुप द्वारा वेरीफाइड नौ मिनट के एक वीडियो में, जवाहिरी ने कर्नाटक के कॉलेज की छात्रा मुस्कान खान

की जमकर तारीफकी। बता दें कि जवाहिरी ने आतंकी ओसामा बिन लादेन की जगह अल कायदा का नेतृत्व संभाला है।

गौरतलब है कि हिजाब मामले में मुस्कान खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह कॉलेज में हिजाब पहनकर घुसती है और उसी समय जय श्री राम के नारे लगा रहे भगवा टोपी पहने एक ग्रुप के सामने विरोध करने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

राजनीति... भाजपा एक भारत, श्रेष्ठ भारत के मंत्र पर चल रही है, प्रधानमंत्री मोदी ने परिवारवादी राजनीति की आलोचना

परिवारवादी राजनीति लोकतंत्र की दुश्मन : पीएम मोदी

नयी दिल्ली(वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परिवारवादी राजनीति की आलोचना करते हुए कहा है कि परिवारवादी राजनीति लोकतंत्र की दुश्मन है और इसे बढ़ावा देने वाले दलों ने हमेशा वोट बैंक की राजनीति की है।

पीएम मोदी ने बुधवार को आभासी माध्यम से यहाँ भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं, मंत्रियों, सांसदों और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश में दशकों तक कुछ राजनीतिक दलों ने सिर्फ वोटबैंक की राजनीति की। कुछ लोगों को ही वायदे करो, ज्यादातर लोगों को तरसाकर रखो, भेदभाव-भ्रष्टाचार ये सब वोटबैंक की राजनीति का 'साइड इफेक्ट' था।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने इस वोटबैंक की राजनीति को ना सिर्फ टक्कर दी है, बल्कि देशवासियों को इसके बारे में सतर्क करके इसके नुकसान को समझाने में भी सफल रही है। उन्होंने कहा कि तीन-चार पीढ़ियों ने खुद को खपाकर भाजपा को यशस्वी पार्टी बनाया है। भाजपा एक भारत, श्रेष्ठ भारत के मंत्र पर चल रही है। 4 राज्यों में भाजपा की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी से शरद पवार की संसद में 20 मिनट की मुलाकात, लगने लगे कयास

नई दिल्ली। संसद भवन परिसर में प्रधानमंत्री मोदी से शरद पवार की मुलाकात के बाद कयासों का बाजार गर्म हो गया है। आज दोनों नेताओं ने लगभग 20 मिटन तक बातचीत की। एनसीपी चीफ संसद भवन परिसर में प्रधानमंत्री कार्यालय में उनसे मिलने गए थे।

मीटिंग के बाद शरद पवार ने कहा, शिवसेना नेता संजय राउत पर ईडी की कार्रवाई के बारे मैंने प्रधानमंत्री से बात की। अगर केंद्रीय एजेंसी इस तरह के कदम उठाती है तो उन्हें इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। वे सरकार के खिलाफ बोलते हैं इसीलिए उनपर कार्रवाई की जा रही है।

बता दें कि कुछ ही दिनों में ईडी ने शिवसेना और एनसीपी के कई नेताओं पर कार्रवाई की है। ईडी ने मंगलवार को शिवसेना नेता

संजय राउत की पत्नी और एक दोस्त की लगभग 11 करोड़ की संपत्ति कुर्क कर दी। वहीं पत्रकारों ने जब शरद पवार के भतीजे अजीत पवार से इस बारे में बात की तो उन्होंने कहा कि मीटिंग में हुई बातचीत के बारे में उन्हें कुछ नहीं पता है।

अजीत पवार ने कहा, देश के प्रधानमंत्री और किसी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अगर आपस में बात करते हैं तो यह विकास के मुद्दों पर हो सकती है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संपादकीय

फर्जी गरीबों की पहचान जरूरी

हमारे देश में आजादी के बाद से जितनी भी सरकारें बनी है सभी ने गरीबों के हितों को ध्यान में रख कर ही कल्याणकारी योजनाएं बनाई है और उसे क्रियान्वित भी किया है। इसके बावजूद देश से गरीबी हटने का नाम ही नहीं ले रही है। गरीबी का गोरख धंधा वाकई अजीबो गरीब है। स्थिति यह है कि मर्ज बढ़ता ही जा रहा है ज्यों-ज्यों इसकी दवा की जा रही है। दरअसल गरीब होने के अपने अलग फायदे है। यही वजह है कि लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठने को तैयार ही नही है। जो लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठ भी गए है वे भी गरीबी रेखा के नीचे बने हुए है और कथरी ओढ़कर घी खा रहे है। देश में ऐसे फर्जी गरीबों की भरमार हो गई है। जिन लोगों के पास अपने पक्के मकान है, खेतीबाड़ी है घर में टीवी, फ्रीज, वाशिंग मशीन और बाईक जैसी विलासिता की चीजे है वे भी सरकारी आंकड़ों में गरीब बने हुए है। ऐसे लोगों को सिर्फ अपने क्षेत्र के पंच या पार्षद को भेंट पूजा अर्पित करनी पड़ती है और वे उनका बीपीएल कार्ड बनवा देते है। बीपीएल कार्ड बन जाने से साधन संपन्न लोग भी गरीबों को मिलने वाली तमाम सुविधाओं का लाभ उठाने लगते है। किसी भी शासकीय उचित मूल्य की दुकान में चले जाओं एक व दो रूपए किलों मिलने वाले चांवल को लेने के लिए लोग एक एक लाख रूपए की बाईक में आते है कोई कोई तो कार में भी आता है। सिर्फ चांवल ही नहीं बीपीएल कार्डधारियों को पांच लाख रूपए तक के मुफ्त इलाज की भी सुविधा मिलती है और स्कूलों में बच्चों को फीस भी कम देनी पड़ती है। ढाई-ढाई लाख रूपए की लागत से मुफ्त मकान भी बनते है। इसके अलावा और भी कई सुविधाएं बीपीएल कार्डधारियों को मिलती है। यही वजह है कि लोगों में बीपीएल कार्डधारी बनने की या बने रहने की होड़ लगी हुई है। अब समय आ गया है कि ऐसे फर्जी गरीबों की पहचान की जाए और उन्हे दी जाने वाली रियायतें तत्काल प्रभाव से बंद की जाए। होना तो यह भी चाहिए कि जो संपन्न लोग अब तक बीपीएल कार्डधारी बने हुए है और तमाम योजनाओं का लाभी उठाते रहे है उसकी भरपाई उनसे कराई जाए और जो ऐसा न करें उनके खिलाफ फर्जीवाड़ा का प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जाएं। जब तक ऐसे कड़े कदम नहीं उठाए जाएंगे तब तक भारत को गरीबी के अभिशाप से मुक्ति नहीं मिल पाएगी।

लघुकथा

अपनों पर न चले ताकत का जोर

सोलह लंबे वर्षों तक भारत राष्ट्र ने एक परेशान करने वाली छवि लगातार देखी है, जिसमें अपने जीवन के तीसरे दशक में सफर कर रही एक युवती को सुरक्षा बल के जवान जबर्दस्ती गले में नली डालकर उसके पेट में कुछ तरल खाद्य पदार्थ डाल रहे हैं। यह युवती इरोम शर्मिला थीं, जिन्होंने मणिपुर की राजधानी इंफाल में हवाई अड्डे के नजदीक नवंबर 2000 में असम राइफल्स की एक टुकड़ी द्वारा की गई फायरिंग में 10 नागरिकों की मृत्यु के विरोध में भूख हड़ताल कर रखी थी। शुरुआत में तो फायरिंग और उससे हुई मौतों का विरोध था, पर जल्द ही इरोम की मुख्य मांग पूरी तरह से उस कानून को हटाने की बन गई, जिसके तहत सेना को गिरफ्तारियों, तलाशियों या नागरिकों पर फायरिंग जैसे अलोकतांत्रिक अधिकार हासिल हो गए थे। अगले 16 वर्षों तक यह अनशन चलता रहा और पूरी दुनिया में राज्य की ज्यादातियों के खिलाफ अहिंसक नागरिक प्रतिरोध का प्रतीक बन गया।

अफस्पा या सशस्त्र बल (विशेष शक्ति) अधिनियम 1958 में नगालैंड में, जो उस समय असम प्रांत का ही भाग था, हथियारबंद पृथकतावादी आंदोलन के चलते अस्तित्व में आया था और कुछ ही वर्षों में मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा से लेकर जम्मू-कश्मीर तक यह लागू हो गया। इसके बीज तो 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में ही पड़ गए थे, जब अंग्रेजों ने सेना को नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई का अधिकार दे दिया था। आजाद भारत में जब यह कानून बना, तब प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आश्वासन दिया था कि छह महीने के अंदर इसे हटा लिया जाएगा, पर 60 वर्षों के बाद भी यह अस्तित्व में बना हुआ है। ऐसे कानूनों के बनने के कारण एक नए स्वतंत्र हुए भूभाग के राष्ट्र-राज्य बनने की जद्दोजहद में खोजे जा सकते हैं। 1947 में आजादी हासिल करने वाले देश के सामने सबसे बड़ी समस्या ही एक बहुभाषी, बहु-धार्मिक या बहु-सांस्कृतिक समाज को सही अर्थों में एक राष्ट्र-राज्य बनाने और फिर उसे एकजुट रखने की थी। ऐसे कठिन वक्त में जब कई क्षेत्रों में अलगाववादी शक्तियां पृथकतावादी आंदोलन चला रही थीं, लोकतंत्र समर्थक प्रधानमंत्री नेहरू को भी अफस्पा जैसे गैर-जनतांत्रिक कानून का सहारा लेना पड़ा था। दिक्कत तब आई, जब वादा करके भी छह महीने बाद इसे हटाया न जा सका। इसकी अवधि तो बढ़ती ही गई, नए-नए इलाके इसके प्रभाव क्षेत्र में आते गए। इस कानून के दुरुपयोग या इसके विरुद्ध जनाक्रोशों की छिटपुट खबरें तो लगातार छपती रहीं, पर यह भी कटु सच्चाई है कि इस महादेश में इन सुदूर अंचलों में घट रही ज्यादतियों पर हमारी आत्मा पर वैसे घाव नहीं दिखे, जिनकी किसी सभ्य समाज में अपेक्षा की जा सकती थी।

इसीलिए जब 9 अगस्त, 2016 को इरोम शर्मिला ने अपना अनशन अचानक खत्म किया, तो इसके पीछे उनके द्वारा बताए गए कारणों में एक सरकार की उपेक्षा थी। वह निराश थीं कि उनका अनशन व अफस्पा लंबे समय से साथ-साथ चल रहे थे और सरकारों की सोच पर कोई असर नहीं पड़ रहा था। इससे कम निराशाजनक जनता का रवैया नहीं था।

भारत पर भारी पड़ेगी रूस की दोस्ती

विष्णुगुप्त

चीन और पाकिस्तान की भारत विरोधी नीति और कारस्तानी कौन नहीं जानता है? नरेन्द्र मोदी का झुकाव अमेरिका तरफजैसे ही हुआ वैसे ही चीन ने हमारी सीमा भूमि पर अतिक्रमण कर लिया। चीन द्वारा हमारी सीमा भूमि अतिक्रमण करने के प्रश्न पर पुतिन की कोई स्पष्ट नीति नहीं थी, पुतिन ने चीन की इस कारस्तानी की आलोचना भी नहीं की थी। अमेरिका ने ही चीन की इस कारस्तानी की आलोचना की थी और चीन को संयम बरतने तथा भारत की संप्रभुत्ता का सम्मान करने की घूंटी पिलायी थी। आज हम पाकिस्तान प्रायोजित मुस्लिम आतंकवाद का सामना करने के लिए इसलिए सक्षम हैं कि अमेरिका ने पाकिस्तान का साथ देना बंद कर दिया है। पाकिस्तान भी रूस और चीन के साथ खड़ा है। आज न कल रूस, चीन, उत्तर कोरिया, ईरान और पाकिस्तान जैसे असफल और अराजक देशों का गिरोह बनना तय है जो दुनिया की शांति को भंग करेगा, दुनिया की लोकतांत्रिक पद्वति को लहूलुहान करेगा।

अमेरिका के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार दलीप सिंह ने भारत को एक चेतावनी दी है। यह चेतावनी भारत के हित में है और भारत की सुरक्षा से सबंधित है। दलीप सिंह ने कहा है कि अगर चीन भारत पर हमला करता है तो फिर भारत को बचाने के लिए रूस नहीं आयेगा। दलीप सिंह की यह चेतावनी सही है और पूरी तरह चाकचैबंद है। इस पर नाराजगी की कोई जरूरत नहीं है और इस चेतावनी को सकारात्मक रूप में लेने की जरूरत है। नरेन्द्र मोदी की सरकार ने इस चेतावनी के खिलाफकोई प्रतिक्रिया न देकर अच्छा काम तो किया है पर भारत सरकार को इस चेतावनी पर सजग होकर सोचने-विचारने की भी जरूरत है। वर्तमान में ऐसा लगता नहीं कि भारत की कूटनीतिज्ञ इस पर विचार करेगे और इस पर त्वरित कार्रवाई करेंगे?

अब यहां यह प्रशन उठता है कि आखिर अमेरिकी उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार दलीप सिंह ने भारत को ऐसी चेतावनी क्यों दी है? वास्तव में यूक्रेन और रूस के साथ युद्ध में भारत सरकार की कूटनीति पर प्रश्न चिन्ह खड़े हुए है और भारत सरकार की कूटनीति को लेकर दुनिया भर में आश्चर्य उत्पन्न हुआ है। कूटनीतिक तौर पर भारत रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के दौरान तटस्थ की भूमिका में है। पर एक तरह से भारत का रूख रूस के पक्ष में ही है। क्योंकि रूस एक आक्रमणकारी है, यूक्रेन एक स्वतंत्र और संप्रभुता संपन्न राष्ट्र है। सोवियत संघ के पतन के बाद सोवियत संघ से कई स्वतंत्र देश बने थे, उन्ही में से एक यूक्रेन है। यूक्रेन को रूस अपना गुलाम बना कर रखना चाहता है पर यूक्रेन गुलाम बनने के लिए तैयार नहीं है। यूक्रेन अपने आप को एक स्वतंत्र देश की शक्ति रखना चाहता है। रूस पिछले कई वर्षो से यूक्रेन को हड़पने के लिए कोशिश कर रहा था। जब धमकियों से कामयाबी नहीं मिली तो फिर रूस ने यूक्रेन पर हमला कर दिया।

यूक्रेन पर रूस के हमले से खासकर नाटो देशों की सुरक्षा और उनकी हैसियत पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हुआ है। यूक्रेन पिछले कुछ सालों से नाटो से नजदीकियां बढ़ाई थी। नाटो ने भी यूक्रेन को आर्थिक और सैनिक मदद की थी। रूस यह कहता रहा है कि यूक्रेन ने नाटो से नजदीकियां बढ़ा कर रूस के लिए सुरक्षा की चुनौतियां बढ़ायी है। रूस सिर्फ यूक्रेन को ही लहूलुहान नहीं किया है बल्कि उसने नाटो को भी चुनौती दी है और

> **रूस ने अमेरिका, नाटो और यूरोपीय यूनियन के प्रतिबंधों के खिलाफ लालच का हथकंडा अपनाया है। उसने भारत जैसे देशों को सस्ता तेल और सस्ता हथियार देने का लालच दिया है। यूक्रेन युद्ध में रूस के हथियारों की शक्ति की पोल खुल गयी है। सस्ता तेल कब तक रूस बचेगा? जिस दिन रूस की कूटनीतिक और प्रतिबंधों की परेशानी समाप्त हो जायेगी उस दिन रूस सस्ता तेल देना बंद कर देगा और अपने तेल की कीमत बढ़ा देगा। पुतिन बहुत ही कईयां है और धूर्त है। पुतिन मदद देने की कीमत वसूलना जानता है और समय पर धोखा देना भी जानता है। यानी की पुतिन विश्वसनीय कदापि नहीं है।**

नाटों की हैसियत को धूल में मिला दिया है। रूस ने सीधे तौर धमकी दी है कि अगर नाटों ने प्रत्यक्ष तौर पर किसी प्रकार के सुरक्षा कदम उठाये तो फिर नाटों देशों की खैर नहीं, रूस अपने परमाणु विकल्प पर भी विचार करेगा। यानी की रूस नाटो देशों पर परमाणु हमले करने से भी नहीं चूकेगा। अगर नाटो और रूस के बीच कोई युद्ध होगा तो यह सीधे तौर पर विश्व युद्ध में तब्दील हो जायेगा। दुनिया पहले से प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध की वीभीषिका झेल चुकी है, जापान परमाणु हमले की दर्दनाक और भयानक दुष्परिणाम आज भी झेल रहा है। आगे दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की भी दर्दनाक और भयानक दुष्परिणाम झेलने के लिए बाध्य होगी। ऐसी आशंका बनी हुई है।

यह सही है कि अभी तक नाटों ने संयम और शांति का परिचय दिया है और रूस के खिलाफ कोई प्रत्यक्ष युद्धक नीतियां नहीं बनायी है और न ही यूक्रेन की ओर से कोई हमला किया है। लेकिन सच यह भी है कि नाटो हाथ पर हाथ धर कर भी नहीं बैठा है। नाटों ने कई ऐसे कदम उठाये हैं जिससे यूक्रन की सैनिक शक्तियां बढ़ी है, यूक्रेन के हौसले कायम हैं और अभी युद्ध क दौरान यूक्रेन दिलैरी के साथ रूस का सामना कर रहा है। खासकर अमेरिका ने रूस के खिलाफ कड़े कदम उठाये हैं। अमेरिका ने कई बड़े प्रतिबंध भी लगाये हैं। अमेरिका ने सीधे तौर पर रूस को कह दिया कि यूक्रेन पर हमले की उसे बड़ी कीमत चुकानी ही होगी। युद्ध के दौरान आथिक, कूटनीतिक और सामरिक प्रतिबंधों को लेकर रूस चिंतित तो नहीं है पर रूस को इन प्रतिबंधों को लेकर भविष्य में कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। सिर्फ अमेरिका और नाटो देश ही नहीं बल्कि जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देश भी रूस के खिलाफ प्रतिबंधों को लेकर अमेरिका के साथ हैं। यूरोपीय यूनियन भी रूस के खिलाफ तनकर कर खड़ी है और रूस को कोई ढील देने के लिए तैयार नहीं है। अमेरिका द्वारा लगाये गये आर्थिक, सामरिक और कूटनीतिक प्रतिबंधो को लागू करने के लिए यूरोपीय यूनियन के देश भी तैयार हैं।

रूस ने अमेरिका, नाटो और यूरोपीय यूनियन के प्रतिबंधों के खिलाफ लालच का हथकंडा अपनाया है। उसने भारत जैसे देशों को सस्ता तेल और सस्ता हथियार देने का लालच दिया है। यूक्रेन युद्ध में रूस के हथियारों की शक्ति की पोल खुल गयी है। सस्ता तेल कब तक रूस बचेगा? जिस दिन रूस की कूटनीतिक और प्रतिबंधों की परेशानी समाप्त हो जायेगी उस दिन रूस सस्ता तेल देना बंद कर देगा और अपने तेल की कीमत बढ़ा देगा। पुतिन बहुत ही कईयां है और धूर्त है। पुतिन मदद देने की कीमत वसूलना जानता है और समय पर धोखा देना भी जानता है। यानी की पुतिन विश्वसनीय कदापि नहीं है।

चीन और रूस की हिंसक और उपनिवेशिक मानसिकता की जुगलबंदी जारी है। चीन ने यूएनओ में रूस का साथ दिया है, कूटनीतिक मंचों पर रूस का साथ है। चीन ने भी कभी भारत को रूस की तरह रौंदा था। उस समय भारत का थोड़ा झुकाव अमेरिका की ओर बढ़ रहा था। चीन और उसका तानाशाह माओत्से तुंग ने भारत को गुलाम बनाने के लिए हमला कर दिया था। उस समय सोवियत संघ ने भारत की कोई सहायता नही की थी। अमेरिका ही साथ दिया था। भारत ने सोवियत संघ की मित्रता की बहुत बड़ी कीमत चुकायी थी। पुतिन, चीन और पाकिस्तान के प्रश्न पर कोई स्पष्ट नीति नहीं रखता है।

पक्षियों, बेघर जीवों के लिए बाहर दाना-पानी अवश्य रखें

नरविजय यादव

तापमान बढ़ने से पक्षियों और बेघर जानवरों को पीने के पानी और भोजन की समस्या होने लगी है। नवरात्रि के पहले दिन ही प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट करके सभी देशवासियों से अनुरोध किया कि मां दुर्गा की आराधना तभी पूरी मानी जाएगी जब आप कम से कम नौ जरूरतमंद परिवारों और सड़क पर रहने वाले आसपास के बेघर जानवरों को भोजन-पानी देंगे। हर घर में प्रतिदिन इतनी रोटी, चावल और अन्य खाद्य पदार्थ बच ही जाते हैं, जिन्हें फेंकने की जरूरत पड़ती है।

इस बार सर्दियों में बार-बार बारिश हुई, तो पहाड़ों पर जमकर बर्फबारी होती रही। बरसात के महीने में जिस तरह की बारिश की उम्मीद की जाती है, वैसी बारिश सर्दियों में बार-बार हुई। मौसम में अजीबो गरीब तरह के बदलाव हो रहे हैं। पर्यावरण और आबोहवा में बदलाव की जो बातें पहले किताबों या सेमिनार हॉल में पढ़ने-सुनने को मिला करती थीं, वे अब हमारी आपकी जिंदगी की हकीकत बनती जा रही हैं। मसलन, बेमौसम बरसात, बेहिसाब स्नोफॉल, और अब मार्च-अप्रैल में ही तेज गरमी। आलम यह है कि केदारनाथ धाम से बर्फ गायब हो चुकी है। मंदिर परिसर से इस बार बर्फ हटाने की कार्रवाई करने की नौबत ही नहीं आई, क्योंकि सारी की सारी बर्फ खुद-ब-खुद पहले ही पिघल चुकी है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम का भी ऐसा ही नजारा है। यह है ग्लोबल वॉर्मिंग का प्रभाव। गनीमत है कि दुनिया अब बिजली से चलने वाली गाड़ियों में दिलचस्पी दिखा रही है और पेट्रोलियम ईंधन से लोगों का मोह भंग होने लगा है। ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को अपना कर ही कार्बन उत्सर्जन को कम किया जा सकता है। वैसे तो कई तरह के उपाय करने होंगे, जिनमें अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना, जंगल लगाना, शाकाहारी भोजन को बढ़ावा देना और कोयला व पेट्रोलियम पदार्थों की जगह सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा जैसे ऊर्जा स्रोतों को चुनना शामिल है।

तापमान बढ़ने से पक्षियों और बेघर जानवरों को पीने के पानी और भोजन की समस्या होने लगी है। नवरात्रि के पहले दिन ही प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट करके सभी देशवासियों से अनुरोध किया कि मां दुर्गा की आराधना तभी पूरी मानी जाएगी जब आप कम से कम नौ जरूरतमंद परिवारों और सड़क पर रहने वाले आसपास के बेघर जानवरों को भोजन-पानी देंगे। हर घर में प्रतिदिन इतनी रोटी, चावल और अन्य खाद्य पदार्थ बच ही जाते हैं, जिन्हें फेंकने की जरूरत पड़ती है। खाने लायक चीजों को कूड़े में

फेंकने की बजाय आसपास किसी भूखे बेघर कुत्ते या गाय को दे देंगे तो आपको संतुष्टि मिलेगी। सभी जीव जंतु ईश्वर के बनाए हुए हैं, इसलिए सभी बेजुबान जीवों के प्रति दया का भाव रखिए। पक्का मानिए, इससे आपके कर्मा बैंक में सत्कर्मों की वृद्धि होगी और आपको खुशी मिलेगी। हमेशा की तरह, कॉमेडियन कपिल शर्मा ने भी अपने शो के अंत में सभी से अपील की कि घर के बाहर चिड़ियों और बेघर डॉग्स के लिए एक बर्तन में पीने का पानी और कुछ खाने के लिए रखें।

> **गर्मी में पक्षियों को पानी नहीं मिलता है तो उनकी मृत्यु होने लगती है और डॉग्स तो जीते ही मनुष्य के भरोसे हैं। जो शख्स पशुओं के साथ क्रूरता करता है, वह मनुष्यों के लिए भी खतरनाक हो सकता है। ऐसे क्रूर लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा कहते हैं कि खेल के लिए, आनंद के लिए, रोमांच के लिए और खाल अथवा फर के लिए जानवरों को मारना एक घृणित और परेशान करने वाला काम है। क्रूरता के ऐसे कृत्यों में शामिल होने का कोई मतलब नहीं है। हॉलीवुड अभिनेता रिचर्ड गेर का कहना है कि पृथ्वी के संरक्षक के रूप में, सभी प्रजातियों के साथ दया, प्रेम और करुणा के साथ व्यवहार करना हमारी ज़िम्मेदारी है। इन जानवरों के प्रति क्रूरता समझ से परे है।**

गर्मी में पक्षियों को पानी नहीं मिलता है तो उनकी मृत्यु होने लगती है और डॉग्स तो जीते ही मनुष्य के भरोसे हैं। जो शख्स पशुओं के साथ क्रूरता करता है, वह मनुष्यों के लिए भी खतरनाक हो सकता है। ऐसे क्रूर लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा कहते हैं कि ÷खेल के लिए, आनंद के लिए, रोमांच के लिए और खाल अथवा फर के लिए जानवरों को मारना एक घृणित और परेशान करने वाला काम है। क्रूरता के ऐसे कृत्यों में शामिल होने का कोई मतलब नहीं है।÷ हॉलीवुड अभिनेता रिचर्ड गेर का कहना है कि ÷पृथ्वी के संरक्षक के रूप में, सभी प्रजातियों के साथ दया, प्रेम और करुणा के साथ व्यवहार करना हमारी ज़िम्मेदारी है। इन जानवरों के प्रति क्रूरता समझ से परे है। इस पागलपन को रोकने में मदद करिये।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

भाइयो बहनो गर्मी

भाइयो बहनो,गर्मी चरम सीमा में हैं,पानी खुब पिये और बाहर निकले तो गन्ना रस या नारियल पानी या आम का पना, बेल के शर्बत ही पिये,ताकि किसी किसान का पेट भर सके और ठेले वाले रोजमरा के विक्रेता को 2 जून की रोटी दे सके?? कृपया कोल्ड ड्रिंक्स पीकर स्वास्थ्य की विसंगति व विदेशी ताकतों को बढ़ने न दे।

-शत्रुंजय तिवारी

ये बेरहमी

ये बेरहमी हाँ सच में हम खुद ही खुद को खुद से दूर भगाने लगते हैं, जब भी अपने लिए सोचने की बारी आती है, खुद से ही नजरें चुराने लगते हैं, हर बात हमें महत्वपूर्ण लगती है शिवाय अपनी, अपने को महत्वहीन खुद से ही जताने लगते हैं, 'शक्ति हूँ कमजोर नहीं' का नारा खूब लगती है , पर ये शक्ति भी खुद पर ही आजमाने लगते हैं, हाँ जी !सच में बड़े बेरहम हैं हम, खुद ही खुद को अपना दुश्मन बनाने लगते हैं ।

-पूनम झा

खास पाती

जो कटी है अब तलक वो

जो कटी है अब तलक वो जिंदगी कैसे कहें हर कदम पर आजमांती ही रही कैसे कहें मुश्किलों में ही हुई है अपनों की पहचान यूं जिंदगी थी वो भली या फिर बुरी कैसे कहें दे रहें हैं लोग धोखा आज अपनो को यहां जो गलत सबकी नजर में हम सही कैसे कहें मुश्किलों में ही खुदा को याद करते लोग हैं हम भला उस बंदगी को वंदगी कैसे कहे जान पर मेरी बनी करके मुहब्बत आपसे अब भला इस दिल की लगी को दिल्लगी कैसे कहें दिल से दिल का जुड़ गया रिस्ता किसी से हो अगर ये बताओ हम उसे अब अजनबी कैसे कहें सामने आए यकायक एक दम से वो मेरे ऐसे में ये हाले दिल उनसे लकी कैसे कहें।

- लक्ष्मी माहोर

जब हम किसी को सलाह देते

जब हम किसी को सलाह देते है , ज्ञान देते है , सीख देते है तो इसका मतलब ये नहीं कि हम बहुत समझदार है , ज्ञानी है , या उपदेशक है इसका मतलब ये भी हो सकता है कि हमारा खुद का अनुभव दूसरों से ज्यादा रहा होगा और फिर शिक्षा व अनुभव तो हमको हमारी गलतियों से ही मिलते है , मतलब हमने गलतियां दुसरो से ज्यादा ही की होगी और अपनी उन्हीं गलतियों से सीख इक्कठी की होगी। - सुनीता बिंदल

लाली चूनरिया है सिंह सवारी माँ

पूजे लांगुरिया है। ध्यायूँ अम्बे रानी कष्ट मिटे तन का माँ शुभफल वरदानी। दरबार सजाया है ज्योति जलाकर माँ आसन बैठाया है। स्वर्ण कान्ति आभा माँ अद्भुत रुप तेरा चमके ज्यों स्वर्ण विभा। शरणन तेरी आई झलक दिखा दो माँ है दरशन फलदाई।

- डॉ. किरण मिश्रा

जब भी फ्रिज से पानी निकाल

जब भी फ्रिज से पानी निकाल कर पियो तो वापस भरकर रख देना नहीं तो लेक्चर पानी से शुरू होगा और मोबाइल पर जाकर खत्म होगा।

- धीरज सिंह धीरू

यूक्रेन में रूस को देख लिया

यूक्रेन में रूस को देख लिया, इराक में अमरीका को, ईरान को, अफगानिस्तान में पाकिस्तान को, भारत में चीन को, फिलस्तीन मे इजराइल को...सारी दुनिया में किम जोंग ही सबसे भला आदमी निकला, जो घर में ही सारे शौक पूरे कर लेता है। - केवल कृष्ण

उसने जब मेरी तरफ़ प्यार से



उसने जब मेरी तरफ़ प्यार से देखा होगा मेरे बारे में बड़े गौर से सोचा होगा सुबह को जिसने सजाई है हँसी होंटों पर रात भर उसको किसी गम ने सताया होगा कर के वादा भी अगर आप नही आयेंगे नाम बदनाम जमाने में वफ़ा का होगा उसने जब मेरी तरफ़ प्यार से देखा होगा मेरे बारे में बड़े गौर से सोचा होगा हंसके हम बात जो कर लेते है उनसे खुर्शीद हाल अपना वो समझ लेते है अच्छा होगा उसने जब मेरे तरफ़ प्यार से देखा होगा मेरे बारे में बड़े गौर से सोचा होगा।

- नीलोफर नीरू

ज्ञान पर इठलाते क्यों लोग

ज्ञान पर इठलाते क्यों लोग मानसिक छाया उन पर रोग अहं का करते नित दिन भोग क्षुद्र कब करता परिणय योग कर्म से योगी हैं बलवान धर्म का साथी है सद्ज्ञान मर्म लो जीवन का तुम जान भाव का दर्पण है विज्ञान

- राजकिशोर मिश्र राज प्रतापगढ़ी

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) भारतीय संगीत की किस प्रमुख पुस्तक में कुछ तत्कालीन तकनीकी शब्दावलियों का प्रयोग किया गया है?
2) यूरेशिया प्लेट का कौन-सा खण्ड जिसका निर्माण हिमालय से पहले हो चुका था?
3) संचार का कौन-सा प्रकार जिसमें संचार एक ट्रांसमीटर तथा एक रिसीवर के बीच संपन्न होता है?
4) भारत में सर्वप्रथम स्वदेशी रोबोट का विकास किसने किया था?
5) आधुनिक रोबोटिक्स के पितामह कौन कहे जाते है?

उत्तरमाला- (1) संगीत रत्नाकर (2) ट्रांस हिमालय (3) पॉइंट-टू-पॉइंट (4) भारत

आज का इतिहास

नई दिल्ली/ वार्ता। फ्रांस ने 1509 में वेनिस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। ब्रिटिश रसायनशास्त्री जॉन वॉकर ने 1827 में माचिस की बिक्री शुरु की। बाबेरियन सोवियत गणराज्य की 1919 में स्थापना। क्रांतिकारी नेता सनयात सेन 1921 में चीनी गणतंत्र के प्रथम राष्ट्रपति बने। इटली ने 1939 में दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान अल्बानिया पर कब्जा किया। बुकर टी वाशिंगटन 1940 में अमेरिकी डाकटिकट पर छपने वाले पहले अश्वेत अमेरिकी बने। सीरिया को 1946 में फ्रांस से आजादी मिली। संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य मामलों की एजेंसी विश्व स्वास्थ्य संगठन की 1948 में स्थापना हुई इसीलिए आज के दिन को 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' के रूप में मनाया जाता है। अमेरिकी सेना की एक परियोजना के रूप में 1969 में इंटरनेट का जन्म। अमेरिका के राष्ट्रपति जिमी कार्टर ने 1978 में विवादास्पद न्यूट्रॉन बम के विकांस और उत्पादन का काम पर रोक लगा दी। अमेरिका ने 1988 में नेवादा परीक्षण केंद्र में परमाणु परीक्षण किया। रवांडा के राष्ट्रपति जुवेनल हेव्यारिमाना एवं बुरुंडी के राष्ट्रपति सिप्रियन न्तायमिटा का किगाली हवाई अड्डे पर 1994 में राकेट हमले में निधन। विश्व स्वास्थ्य दिवस को 1998 से 'महिला चिकित्सा दिवस' के रूप में मनाने का विश्व स्वास्थ्य संगठन की घोषणा। भारत में दिल्ली पुलिस ने सन 2000 में करोड़ों रुपए के क्रिकेट मैच फिक्सिंग और सट्टेबाज़ी के रैकेट का पर्दाफाश किया था। ब्राजील से 2000 में विश्व के सबसे छोटे अख़बार 'योर आनर' का प्रकाशन प्रारम्भ।

राजीव गांधी जलाशय में नौकाविहार का अब मजा ले पाएंगे पर्यटक

■ जिले के प्रभारी मंत्री रूद्रकुमार ने किया शुभारंभ

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के विकास में एक और कड़ी जुड़ गई है। प्रदेश के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने आज जिले के जीवनदायिनी मनियारी नदी पर निर्मित राजीव गांधी जलाशय(खुड़िया बांध) में नौकाविहार का शुभारंभ किया। इससे यहां आने वाले सैलानियों और पर्यटकों को नौकाविहार की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने जलाशय में नौका विहार का आनंद भी लिया और प्राकृतिक छटा को नजदीक से देखकर सन् 1930 में निर्मित खुड़िया बांध की सराहना की। इससे पहले प्रभारी मंत्री का राजीव गांधी जलाशय पहुंचने पर वहां उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने खुमरी पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। प्रभारी मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजीव गांधी जलाशय में नौका विहार की सुविधा शुरू होने पर जिले वासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि लोगों को पर्यटन स्थल पर पर्याप्त सुविधा मिले इस दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। आगे भी पर्यटन स्थलों में सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सभी वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि तीन

साल पहले हमने 36 घोषणाएं की गई थी, जिसमें से 32 घोषणाएं पूरी की जा चुकी हैं। गोधन न्याय योजना के तहत पशुपालकों से गोबर खरीदी की जा रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान भी विकास कार्य लगातार जारी रहा। आम जनता के जेब में सीधा पैसा पहुंचे इसे ध्यान में रखते हुए कई योजनाएं शुरू की गई। छत्तीसगढ़ एक मात्र राज्य है जहां लॉकडाउन के दौरान वित्तीय संकट नही हुआ। हाल ही के सर्वे रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ सबसे अधिक रोजगार देने वाला राज्य बन गया है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत 2023 तक पाईप लाईन के माध्यम से प्रत्येक घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। इस दौरान उन्होंने खुड़िया क्षेत्र के वनग्रामों में 10 स्थानों पर बोर खनन की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर ग्राम गुरुवाईन डबरी में 02 बोर, ग्राम नवागांव दयाली में 01 बोर, ग्राम बिजराकछार के लिए 01 बोर और नगर पंचायत लोरमी के वार्डों के लिए भी बोर खनन की घोषणा की। लोरमी विधानसभा क्षेत्र के विधायक धर्मजीत सिंह ने नौकाविहार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राजीव गांधी जलाशय में नौकाविहार का शुभारंभ का कार्यक्रम ऐतिहासिक है। जिसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी जलाशय में नौकाविहार प्रारंभ होने से पर्यटन क्षेत्र में लोगों को सुविधाएं मिलेंगी और जिले का विकास होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर ने कहा कि आज गर्व की बात है कि राजीव गांधी जलाशय में नौकाविहार का शुभारंभ हुआ है। राज्य सरकार पर्यटन स्थल को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। कलेक्टर ने कहा कि राजीव गांधी जलाशय में नौका विहार का शुभारंभ से पर्यटकों को बोटिंग की सुविधा मिलेगी। इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। जिले के प्रतिष्ठित नागरिक सागर सिंह बैस ने कार्यक्रम का संचालन किया। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी. एस. राजपूत ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत लोरमी के अध्यक्ष मीना नरेश पाटले, जनपद पंचायत लोरमी के उपाध्यक्ष खुशबू आदित्य वैष्णव, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति प्राधिकरण की सदस्य रत्नावली कौशल, जनपद सदस्य कला अशोक सिन्द्राम, जिले के पुलिस अधीक्षक, लोरमी अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मेनका प्रधान, जनपद पंचायत लोरमी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराधा अग्रवाल, ग्राम के सरपंच सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर पालिका उप निर्वाचन 2022 हेतु नगर पालिक निगम बिलासपुर क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बिलासपुर को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार बिलासपुर सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होंगे। रजिस्ट्रीकरण से संबंधित कार्य के लिए अपर कलेक्टर बिलासपुर को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है।

सदस्यता सूची पर दावा आपत्ति 10 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। संगम प्राथमिकता उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्यादित भक्त कंवर राम नगर वार्ड क्र. 05 विकासखण्ड बिल्हा की सदस्यता सूची का प्रकाशन संस्था कार्यालय, विकासखण्ड कार्यालय, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मुख्य शाखा एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाए में प्रकाशित कर दिया गया है। समिति के सदस्यता सूची के संबंध में दावा-आपत्ति 10 अप्रैल 2022 तक प्रस्तुत कर सकते है।

अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने जिले में पदस्थ प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य नया कार्य विभाजन का आदेश जारी किया है। नये कार्य विभाजन के अनुसार संयुक्त कलेक्टर एस.एस.दुबे को अपने वर्तमान प्रभार के साथ-साथ राजस्व मोहर्रिर एवं प्रमाणपत्रों के सत्यापन के लिए प्रभारी अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार संयुक्त कलेक्टर अजीत पुजारी को सिटी मजिस्ट्रेट थाना जीआरपी, आ.जा.क., तोरवा, सिटी कोतवाली, सिरगिट्टी, कोनी एवं जनसूचना अधिकारी सूचना का अधिकार एवं नियमित तौर सुनिश्चित अंतराल पर प्रकाशित की जाने वाली सूचनाओं हेतु प्रभारी अधिकारी, मुद्रा योजना, जनधन योजना, आवक जावक शाखा, सहायक अधीक्षक सामान्य शाखा, जनगणना, नवोदय विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय, नेहरू युवा केन्द्र, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना सहित समस्त बीमा योजनाएं, सिटीजन चार्टर एवं तृतीय लिंग व्यक्तियों के समस्याओं से संबंधित कार्य सौंपे गए है।

कृषि मास मीडिया समिति की बैठक संपन्न

बिलासपुर/नवप्रदेश। कृषि मास मीडया समिति की बैठक संभागीय संयुक्त संचालक कृषि, बिलासपुर कार्यालय में गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाईन संपन्न हुआ। इस बैठक में अप्रैल 2022 में आकाशवाणी केन्द्र बिलासपुर से आयोजित होने वाले विषय एवं वार्ताकार तय किये गये। आकाशवाणी बिलासपुर से किसानवाणी कार्यक्रम के अंतर्गत 01 अप्रैल से 31 अप्रैल 2022 तक रात्रि 07:30 से रात्रि 08 बजे तक हैलो किसानवाणी, सफल कृषक से भेंट, ग्राम सभा, ग्रीष्मकालीन चारा उत्पादन तकनीक आदि से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी।

मतदाता सूची के लिए अधिकारी नियुक्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने पंचायत उप निर्वाचन 2022 के लिए मतदाता सूचियां पुनरीक्षित करने के लिए अनुविभागीय अधिकारियों एवं तहसीलदारों को रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा अपर कलेक्टर को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया है। जारी आदेश के अनुसार जनपद पंचायत बिल्हा से संबंधित ग्राम पंचायत पेण्डरवा (द), भरारी, बाम्हु, बेलटुकरी, मोहतराई, सिलपहरी, भैंसबोड़, उच्चभट्ठी, नगोई, सरवानी, हिर्री, चकरभाठा एवं उड़गन के लिये अनुविभागीय अधिकारी बिल्हा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पंचायत) होंगे एवं इन्हीं क्षेत्रों के लिए तहसीलदार बिल्हा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होंगे। जनपद पंचायत मस्तूरी से संबंधित ग्राम पंचायत मस्तूरी, नवागांव मं., कोहरौदा, भिलौनी, केवटाडीह भू., ओखर, चौहा, कोसमडीह, भटचौरा, मुड़पार (खो) एवं रांक के लिए अनुविभागीय अधिकारी मस्तूरी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होंगे एवं इन्हीं क्षेत्रों के लिए तहसीलदार मस्तूरी सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होंगे। जनपद पंचायत कोटा से संबंधित ग्राम पंचायत रानीगांव, पोड़ी सलका, नवागांव कर्रा एवं चपोरा के लिए अनुविभागीय अधिकारी कोटा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होंगे एवं इन्हीं क्षेत्रों के लिए तहसीलदार कोटा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पंचायत) होंगे। इसी प्रकार जनपद पंचायत तखतपुर से संबंधित ग्राम पंचायत नेवरा, बेलटुकरी, भुण्डा, घोंघाडीह, गोकुलपुर, विजयपुर, चिचिरदा, जूनापारा, खम्हरिया, बांधा, रानीडेरा एवं दर्री के लिए अनुविभागीय अधिकारी तखतपुर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पंचायत) होंगे एवं इन्हीं क्षेत्रों के लिए तहसीलदार तखतपुर सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होंगे।

अफसरों की अनुपस्थिति में लिंक अधिकारी को प्रभार

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के पूर्व में जारी कार्य विभाजन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए जिला मुख्यालय में पदस्थ प्रभारी अधिकारियों एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारियों में से किन्हीं के अवकाश में रहने अथवा मुख्यालय से बाहर रहने की स्थिति में लिंक अधिकारी नियुक्त किये गये है। संयुक्त कलेक्टर मोनिका वर्मा की अनुपस्थिति में संयुक्त कलेक्टर एस.एस.दुबे प्रथम लिंक अधिकारी, संयुक्त कलेक्टर अवधराम टण्डन द्वितीय लिंक अधिकारी होंगे। इसी प्रकार संयुक्त कलेक्टर अवधराम टण्डन की अनुपस्थिति में डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी प्रथम लिंक अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर अजीत पुजारी द्वितीय लिंक अधिकारी होंगे। डिप्टी कलेक्टर एस.एस.दुबे के अनुपस्थिति में संयुक्त कलेक्टर मोनिका वर्मा प्रथम लिंक अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी द्वितीय लिंक अधिकारी होंगे। संयुक्त कलेक्टर अंशिका पाण्डेय की अनुपस्थिति में डिप्टी कलेक्टर मनोज केसरिया प्रथम लिंक अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर एस.एस.दुबे द्वितीय लिंक अधिकारी होंगे। इसी प्रकार डिप्टी कलेक्टर मनोज केसरिया के अनुपस्थिति में डिप्टी कलेक्टर अजीत पुजारी प्रथम लिंक अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर अंशिका पाण्डेय द्वितीय लिंक अधिकारी होंगी। डिप्टी कलेक्टर अजीत पुजारी के अनुपस्थिति में डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी प्रथम लिंक अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर अवधराम टण्डन द्वितीय लिंक अधिकारी होंगे। डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी के अनुपस्थिति में डिप्टी कलेक्टर अजीत पुजारी प्रथम लिंक अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर मनोज केसरिया द्वितीय लिंक अधिकारी होंगे।

भू-अर्जन के लिए समाघात दल की रिपोर्ट पेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के बेलगहना तहसील के गांव खोंगसरा में मुख्य नहर निर्माण के लिए भूमि का अर्जन किया जाना है। भू-अर्जन के मूल्यांकन के लिए सामाजिक समाघात दल का गठन किया गया है। सामाजिक समाघात दल ने ग्राम खोंगसरा ग्राम पंचायत भवन में जनसुनवाई आयोजित कर भू-अर्जन से पड़ने वाले प्रभाव का आँकलन किया। समाघात दल ने अपने रिपोर्ट में बताया कि तुमाडबरा व्यपवर्तन के नहर निर्माण के लिए लगभग 1.56 एकड़ भूमि-अर्जन की जायेगी। रिपोर्ट मे बताया गया कि भू-अर्जन से कोई भी मकान प्रभावित नही रहा है और न ही किसी भी परिवार के विस्थापन की संभावना है। नहर निर्माण से भू-धारक के संपूर्ण भूमि प्रभावित नही हो रही है। इस व्यपर्तन योजना के अंतर्गत नहर निर्माण से शासकीय परिसम्पत्तियो तथा सार्वजनिक स्थलों को कोई नुकसान नही हो रहा है। रिपोर्ट के आधार पर समाघात दल ने भू-अर्जन किए जाने की अनुशंसा की।

लोगों की समस्याओं का होगा तत्काल निराकरण आज से हर ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन

■ पहले दिन 55 पंचायतों में लगेंगे शिविर, नोडल अधिकारी सौंपेंगे योजनाओं के ताजा हालात की रिपोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। आम जनता की समस्याओं का यथासंभव मौके पर निराकरण एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए बिलासपुर जिले में कल 7 अप्रैल से ग्राम पंचायत स्तरीय शिविरों की श्रृखला आयोजित की जा रही है। ये शिविर कल 7 अप्रैल से शुरू होकर 18 अप्रैल तक चलेंगी। जिला कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर के मार्गदर्शन में शिविर आयोजन की विस्तृत कार्य-योजना तैयार की गई है। कलेक्टर स्वयं इस दौरान अनेक शिविरों में आकस्मिक रूप से उपस्थित होकर जनता की समस्याएं सुनेंगे। शिविर संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालय के पंचायत भवन में सवेरे 9 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित होंगे। शिविर की सफलता के लिए जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वे रोजमर्रा से जुड़ी योजनाओं और सुविधाओं की ताजा हालात से ग्रामीणों से रिपोर्ट लेकर जिला प्रशासन को अवगत कराएंगे। कलेक्टर डॉ. मित्तर ने शिविर का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील आम जनता से की है। अपर कलेक्टर जयश्री जैन ने बताया कि जिले की सभी 483 ग्राम पंचायतों में समस्या निवारण शिविर आयोजित की जा रही हैं। शिविर में प्रमुख रूप से ग्रामीणों, किसानों और श्रमिकों की छोटी-छोटी समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। शिविर में दिन भर ग्राम पंचायत के सचिव, पटवारी आरएईओ मौजूद रहेंगे। शासकीय योजनाओं की जानकारी और इनका लाभ उठाने के तरीकों भी लोंगों को अवगत कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि 7 अप्रैल को कल बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम तेलसरा, भिल्मी, सेंदरी, बेलटुकरी, हरदीकला, भोजपुरी, मुरकुटा, उच्चभट्ठी, परसाही, लोफन्दी, गोढ़ी, भरवीडीह, बेलतरा, मानिकपुर एवं भटगांव में शिविर आयोजित की गई है। कोटा विकासखण्ड में 7 अप्रैल को तुलुफ, बरपाली, बानाबेल, मझवानी, जोगीपुर, सेमरा, धुमा, खोंगसरा, गोबरीपाट, रमदेई, दारसागर, मस्तुरी विकासखण्ड में 7 अप्रैल को रिसदा, डोडकी, हिण्डाडीह, चकरबेड़ा, कोनी, मचखण्डा, बिटकुला, टिकारी, पेण्ड्री, ठरकपुर, मस्तूरी, सीपत, नरगोड़ा, खोंधरा,जुहली तथा तखतपुर विकासखण्ड में 7 अप्रैल को कंचनपुर, रानीडेरा, पोड़ीकला, बांधा, लिम्हा, सिलतरा, बहुरता, बेलपान, सोनबंधा, बेलगहना, बीजा, राजपुर एवं देवरीखुर्द में शिविर आयोजित किया गया है। जिला स्तरीय नोडल अधिकारी जिला प्रशासन को निर्धारित प्रारूप में मैदानी कर्मचारियों की उपस्थिति एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की ताजा हालात से अवगत कराएंगे। इनमें प्रमुख तौर से पटवारियों की उपस्थित एवं काम-काज का पर्यवेक्षण, स्कूल एवं आश्रमों में मध्यान्ह भोजन की स्थिति, शासकीय स्कूलों के खुलने एवं शिक्षकों की उपस्थिति, राशन दुकान खुलने एवं वितरण की जानकारी, राजीव गांधी भूमिहीन कृषकों की भुगतान की स्थिति, पेंशन भुगतान, हेण्डपम्प, हाट बाजार क्लिनिक, आंगनबाड़ी केन्द्र के खुलने एवं पूरक पोषण आहार वितरण की स्थिति, गोबर खरीदी एवं भुगतान की स्थिति, मनरेगा भुगतान, पंचायत में सचिव एवं आरएईओ की उपस्थिति सहित अन्य विषयों की जानकारी समाहित होगी।

नगरीय प्रशासन मंत्री का स्वागत करने पहुंचे नपा अध्यक्ष व कांग्रेसजन

मुंगेली/नवप्रदेश। नगरीय निकाय मंत्री डॉ. शिव डहरिया के नगर आगमन पर नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी, पार्षदों एवं कांग्रेसजनों ने उनका स्वागत कर पार्षद निधि एवं अध्यक्ष निधि बढ़ाए जाने पर धन्यवाद ज्ञापित किया।नगर पालिका अध्यक्ष की मांग पर आडिटोरियम के लिए 2 करोड़ रुपए अतिरिक्त राशि आबंटित की जाने की स्वीकृति दी। नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम विभाग के मंत्री डॉ. शिव डहरिया लोरमी में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह कार्यक्रम से लौटते समय पड़ाव चैक में नगर पालिका अध्यक्ष एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। नगर पालिका अध्यक्ष की निधि 25 लाख से बढ़कर डेढ़ गुना होने एवं पार्षद निधि भी डेढ़ गुना होने पर नगर पालिका अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी सहित पार्षदों एवं कांग्रेस नेताओं ने नगरीय प्रशासन विकास मंत्री डॉ. शिव डहरिया को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इससे नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों में उत्साह है। नगर विकास के कार्यों में तेजी आएगी।

मुख्यमंत्री ने रतनपुर में मां महामाया का किया दर्शन

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चैत्र नवरात्र के पांचवे दिन आज रतनपुर में महामाया देवी का दर्शन किया। उन्होंने मन्दिर में देवी मां की पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की समृद्धि एवं खुशहाली के लिए कामना की। मुख्यमंत्री के साथ कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे ने भी देवी माता का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सिद्ध शक्तिपीठ श्री महामाया देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष सिंह ठाकुर, कमिश्नर डॉ संजय अलंग, कलेक्टर डॉ.सारांश मित्तर, एसपी पारुल माथुर सहित बड़ी संख्या में दर्शनार्थी एवं भक्तगण उपस्थित थे।

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कार्यक्रम जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार त्रिस्तरीय पंचायतों के उप चुनाव 2022 हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कार्यक्रम जारी किए गए है।

जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रथम चरण में 05 अप्रैल को रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति, 06 अप्रैल को प्रारंभिक प्रारूप निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण, 12 अप्रैल को भारत निर्वाचन आयोग की 1 अप्रैल 2022 की स्थिति में तैयार विधानसभावार अद्यतन निर्वाचक नामावली की दो प्रतियां जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त करना और जनपद पंचायतवार भागों में बांटना, 13 अप्रैल को जनपद पंचायतवार निर्वाचक नामावली रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराना, 18 अप्रैल को प्रत्येक ग्राम पंचायत की प्रारंभिक निर्वाचक नामवली में सम्मिलित वार्डों का मौके पर मिलान एवं सत्यापन करना और आधार पत्रक तैयार करना, सूची में आवश्यक संशोधन करना किया जाएगा।

इसी प्रकार 22 अप्रैल को प्रारंभिक निर्वाचक नामावली के आधार पत्रक अनुसार पीडीएफ ऑनलाईन सॉफ्टवेयर के माध्यम से तैयार करना एवं मुद्रण कराना, जांच कराना, 25 अप्रैल को चेकलिस्ट की जांच में पाई गई त्रुटियों का सुधार करना एवं ग्राम पंचायतवार पी.डी.एफ तैयार करना, दो प्रति मुद्रण कराना, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दोनों प्रति में हस्ताक्षर करना, पी.डी.एफ सहित दोनों प्रति (निर्वाचक नामावली) जिला निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध कराना, 26 अप्रैल को जिला कार्यालय द्वारा जनपद पंचायतवार प्रारंभिक निर्वाचक नामावली अनुबंधित मुद्रणालयों को मुद्रण हेतु सौंपना, 27 अप्रैल को जनपद पंचायतवार मुद्रिक निर्वाचक नामावली प्राप्त करना और उन्हें रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उपलब्ध कराना एवं निर्वाचक नामावली प्रकाशन के संबंध में सूचना प्रारूप भेजना।

द्वितीय चरण में 29 अप्रैल को निर्वाचक नामावली के संबंध में सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन और दावे तथा आपत्तियों प्राप्त करने के कार्य की शुरूआत, 7 मई को दोपहर 3 बजे तक दावे, आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी, 12 मई प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निपटारे की अंतिम तिथि, 17 मई को रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि, 21 मई को प्राप्त दावों का निराकरण किया जाएगा। निराकरण आदेश पारित होने के 05 दिवस के भीतर दावों एवं आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तिथि, 23 मई को ग्राम पंचायतवार अनुपूरक सूचियों एवं पी.डी.एफ तैयार करना तथा पी.डी.एफ मुद्रण हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपना, 24 मई को अनुपूरक सूचियां मूल प्रारंभिक सूचियों के साथ जोड़ा जाएगा, 25 मई को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

गर्मी व 'लू' से बचाव के लिए जारी किए गए दिशा निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य सहित जिले के विभिन्न हिस्सो में भीषण गर्मी तथा 'लू' के प्रकोप को देखते हुए प्रशासन द्वारा बचाव के निर्देश जारी किये गए है। गर्मी एवं 'लू' के बचाव के लिए आम जनता को जागरूक करने के लिए ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक प्रचार-प्रसार की कार्यवाही की जा रही है। इसके अंतर्गत 'लू' से बचाव के तरीको का पाम्पलेट तैयार कर ब्लॉक तहसील तथा जिला स्तर के विभिन्न स्थानो पर चस्पा की जा रही है। 'लू' एवं गर्मी के बचाव के लिए जिला मुख्यालयों में कंट्रोल रूम भी स्थापित किए गए है। इस कंट्रोल रूम के माध्यम से 'लू' लगने की स्थिति तत्काल चिकित्सा सहायता एवं अन्य राहत प्रदान किया जा रहा है।

जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतो में 'लू' से बचाव के संबंध में जागरूक करने के लिए मुनादी कराई जा रही है तथा ग्राम सभाओं में पाम्पलेट बांटा जा रहा है। 'लू' से अत्याधिक प्रभावित स्थानों में मोबाईल चिकित्सा दल की व्यवस्था की गई हैं ताकि प्रभावितों को तत्काल इलाज प्रदान किया जा सके। 'लू' से बचाव के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल तथा ओ.आर.एस. घोल की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। तेज गर्मी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या भी उत्पन्न होती है। ऐसी परिस्थिति मे पानी की अबाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हैण्डपंपो का मरम्मत का कार्य भी किया जा रहा है। जिन स्थानों में जल आपूर्ति की व्यवस्था नही है। या जहा पर जल स्तर नीचे चला गया हो वहा टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है, ताकि ग्रामीण एंव आम जनता को किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

जिले के गौठानों में गौठान पहुंच दिवस कार्यक्रम 8 को

240 अधिकारी गौठानों में पहुंचकर लेंगे जायजा

बिलासपुर/नवप्रदेश। गौठानों में आर्थिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही है। इसे और सुदृढ़ करने के लिए 08 अप्रैल को सभी गौठानों में गौठान पहुंच दिवस कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने गौठानों में नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। सभी जिलाधिकारियों को ग्रामीण, शहरी एवं आवर्ती चराई का निरीक्षण करने, 04 से 5 घंटे गौठानों की गतिविधियों का अवलोकन करने, गौठान समितियों, स्व सहायता समूहों, चरवाहों एवं ग्रामवासियों से चर्चा करने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सुधारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। जिले के 240 गौठानों में गौठानों की गतिविधियों का अवलोकन करने के लिए नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी नोडल अधिकारी गौठानों की भौतिक प्रगति, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन और बिक्री, संचालित एवं प्रस्तावित गतिविधियों एवं गौठानों से संबंधित मांग एवं समस्या की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में एकत्र कर 12 अप्रैल तक प्रतिवेदन जमा करेंगे।

भाजपा के 42वें स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित, सुनने जुटे कार्यकर्ता

नवप्रदेश संवाददाता

पत्थलगांव। के हरियाणा पंचायती धर्मशाला में भाजपा के 42वें स्थापना दिवस के मौके पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संबोधन को लाइव प्रसारण देखा। इस दौरान पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर कार्यकर्ताओं में हर्ष वयाप्त रहा। कार्यकर्ताओं ने नारे लगाते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण देखा। जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर पार्टी के 42वें स्थापना दिवस की बधाई दी।

प्रधानमंत्री ने संबोधन में कहा कि जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक का जो सफर तय किया है उन सभी महानुभावी नेताओं को नमन करता हूं। इस समय हम सभी देशवासी आजादी के 75 वर्ष को अमृत महोत्सव के रूप में मना रहे हैं। यह हमारे लिए प्रेरणा का बहुत ही बड़ा अवसर है। आज वैश्विक स्तर पर देश उभर रहा है और तेज गति से वैश्विक परिस्थितियां बदल रही है। जिससे भारत के लिए लगातार नई संभावनाएं बन रही है।

उन्होंने कहा कि कुछ सप्ताह पहले चार राज्यों में भाजपा की सरकार डबल इंजन की सरकार वापस आई है। और तीन दशकों के बाद राज्यसभा में किसी पार्टी के सदस्यों की संख्या 100 तक पहुंची वैश्विक दृष्टिकोण से देखा जाए तो देश की आज सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब लोगों ने मान लिया था कि सरकार किसी भी पार्टी की आये, लेकिन देश का कुछ नहीं हो पाएगा। निराशा ही निराशा झलक रही थी आज देश का जनप्रतिनिधि गर्व से यह कह रहा है कि देश बदल रहा है तेजी से आगे बढ़ रहा है,आज दुनिया के सामने एक ऐसा भारत है जो बिना किसी डर या दबाव के अपने हितों के लिए अडिग रहता है।

उन्होंने कहा कि लोगों का जीवन आसान बनाना ही हमारी प्राथमिकता है। हम देश के विकास के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं। सबका साथ, सबका विकास के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि परिवारवादियों ने देश को आगे नहीं बढ़ने दिया परिवारवादी दल लोकतंत्र के बड़े दुश्मन हैं। परिवारवाद के खिलाफ बीजेपी अकेले बोलती है और देश भी परिवारवादी पार्टियों को समझ रहा है। बीजेपी का महासंघर्ष चलता रहेगा परिवारवादी पार्टियों ने युवाओं को आगे नहीं बढ़ने दिया उनके साथ विश्वासघात किया है।

इस दौरान भाजयुमो जिला महामंत्री अवधेश गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जब भी देश प्रधानमंत्री का चयन किया है सदैव एक ऐसे व्यक्ति को चयनित किया है जो देश को ही अपना परिवर मानता हो ना कि परिवार को देश आज अटल बिहारी बाजपेयी के कार्यो की भी सराहना की जाती है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री मोदी ने भी भारत को विश्व पटल पर एक अलग पहचान दिलाई है। भारत आज पूरे विश्व में तेजी से अग्रसर हो रहा है और विश्व गुरु बनने की राह पर है।

इस कार्यक्रम के दौरान भाजयुमो जिला महामंत्री अवधेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष जयपाल राजपूत, सुनील गर्ग, सांसद प्रतिनिधि महेश गुप्ता, दामोदर शर्मा, विकाश शर्मा, रूपसिंह राठिया, आर्यन पटेल, धीरज शर्मा, विजय विश्वास, सुरेश साहू, मिथलेश लकड़ा, खेमानिधि यादव, महिला मोर्चा जिला महामंत्री रेणु विश्वास,भारती शर्मा, शिला गुप्ता, उर्मिला पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

दतिमामोड़/नवप्रदेश। प्रदेश संगठन निर्देशानुसार व जिला संगठन के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी भटगांव मंडल अंतर्गत स्थित बुंदिया मे भाजपा का 42वें स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर एकत्रीकरण होकर प्रभात फेरी शोभा यात्रा निकाली गई। तत्पश्चात भारतीय जनता पार्टी का ध्वजारोहण किया गया। उपस्थित सभी के साथ राष्ट्र गान गाया गया। इसके बाद समय दस बजे से प्रधानमंत्री मोदी के लाइव प्रसारण को साउंड के साथ सुना गया। संचालन रमेश गुप्ता के द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भटगांव मंडल प्रभारी अमलेश सिंह, प्रदेश मंत्री परमेश्वरी राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष सुभाष राजवाड़े, रमेश गुप्ता, उपाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष हिरा सिह,अ,जा.मोर्चा अध्यक्ष करन सोनवानी, वरिष्ठ नेता विरेन्द्र गुप्ता, खुलेशवर राजवाड़े, अजोध्या राजवाड़े, किसान मोर्चा महामंत्री नरेश पैकरा, आदिवासी मोर्चा महामंत्री देवशरन पैकरा, मुखदेव पैकरा, जिला युवा मोर्चा से राजेंद्र पाटले, अ.जा.महामंत्री संजय पाटले, जयप्रकाश युवा मोर्चा मंत्री, अमिन सिंह, जमधर पैकरा, अभिषेक गुप्ता, मनोज गुप्ता मिडिया प्रभारी, सरवन मानिकपुरी, सुखलाल राजवाड़े, नवीन, प्रिंस गुप्ता, माधव मानिकपुरी, लक्ष्मण पैकरा, पूर्व सरपंच दयाल पैकरा, गोविंद, ओमप्रकाश, जगमोहन, राजेश, अमेलाल, हरिदयाल सहित अन्य उपस्थित थे।

ओबीसी आरक्षण लागू करने की मांग, भाजपा ने सौंपा ज्ञापन

सुकमा/नवप्रदेश। भूपेश सरकार के जगदलपुर के लालबाग में महासभा में पिछड़ा वर्ग समाज के द्वारा आरक्षण की मांग पूरा न करने के विरोध प्रदर्शन कर जनसभा का बहिष्कार किया गया।इसी तारतम्य में आज सुकमा में भारतीय जनता पार्टी ने पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के मांग को पूरा करने को लेकर राज्य सरकार के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौप हैं। जिसमें भाजपा ने समाज के अधिकांश आबादी को किसान होना बताया हैं। और उनकी अर्थव्यवस्था खेती किसानी और विदित छत्तीसगढ़ प्रदेश पिछड़ा वर्ग बाहुल्य राज्य है। पिछड़ा वर्ग मजदूरी पर आधारित है लेकिन दुर्भाग्य है कि छत्तीसगढ़ में समाज का 27प्रतिशत आरक्षण ओबीसी वर्ग के लिए लागू किया जाए। भाजपा के पदाधिकारियों ने कहा की विधानसभा चुनाव के पूर्व में भूपेश बघेल ने प्रदेश के जनता से पिछड़ा वर्ग के लिए 27प्रतिशत आरक्षण का वादा किया था।सरकार के साढ़े तीन साल के के कार्यकाल में आज तक मांग पूरा नहीं किया गया। पिछड़ा वर्ग समाज को उनका वाजिब हक प्रदान करते हुए ओबीसी वर्ग के लिए 27 प्रतिशत का आरक्षण तत्काल लागू किया जाए।अगर मांग पूरा नहीं किया गया तो ओबीसी समाज के हितों की रक्षा के लिए भाजपा ओबीसी मोर्चा छत्तीसगढ़ आंदोलन करने हेतु बाध्य होना बताया हैं।

मुंगेली में नवरात्र की धूम

मुंगेली/नवप्रदेश। अंचल में नवरात्र की धूम है। मातारानी के दरबार में भक्तों का मेला सुबह से ही लग जाता है। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में नवरात्रि की पंचमी के अवसर पर देवी मंदिरों में माता का विशेष श्रृंगार एवं पूजा-पाठ किया गया। मंदिरों में सुबह से लेकर रात्रि तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

नवरात्रि पर्व में सोनारपारा स्थित मां महामाया मंदिर, दाऊपारा स्थित मां महामाया मंदिर, शक्तिमाई मंदिर के साथ ही जिला मुख्यालय के देवी मंदिरों में भक्तों की संख्या बढ़ती जा रही है।महामाया मंदिर के पुजारी ने माताजी का विशेष श्रृंगार किया।जिले के विभिन्न गांवों में भी पंचमी के अवसर पर माताजी का विशेष श्रृंगार किया गया।खरीपारा स्थित कालीमाई मंदिर में पंचमी पर विशेष पूजा का कार्यक्रम रखा गया। मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा आस्था के दीप ज्योति कलश पूरे विधि विधान से प्रज्वलित किए गए हैं।महिलाओं ने व्रत रखकर जहां अपने सुहाग व परिवार की सुख समृद्धि की कामना की वहीं मंदिरों में देर रात तक मां की जयकारे की गूंज गूंजती रही। जिले के अन्य देवी मंदिरों में भी ज्योति जलाई गई है और रोजाना पाठ भी किया जा रहा है।मंदिरों में सुबह से भक्तों का रेला लगा रहा।लोग ज्योति कलश के दर्शन करने भी पहुंचे। मंदिरों में जसगीत तथा माता की सेवा श्रद्धालुजन द्वारा किया जा रहा है।चतुर्थी एवं पंचमी इस बार एक साथ होने से भक्तों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।मां के मंदिरों में पंचमी के दिन ही मनोकामना ध्वज भी चढ़ाया जाता है। शाम में महा आरती का भी आयोजन किया गया है।

नियमितीकरण की मांग को लेकर मनरेगाकर्मी हड़ताल पर

- **हड़ताल का मनरेगा कामों पर सीधा असर, पिछले 16 सालों में पहली बार श्रमिकों की संख्या गिरकर 1891 पर पहुंची**

सूरजपुर/नवप्रदेश। 7.4.2022; प्रदेश के 12 हजार से अधिक मनरेगाकर्मियों ने नवरात्रि के पावन अवसर पर देवी आराधना कर, उनका आशीर्वाद लेकर अपना आंदोलन शुरू किया। आंदोलन के प्रथम चरण में सभी जिलों में विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर मनरेगाकर्मियों द्वारा महात्मा गांधी जी के छायाचित्र में तिलक लगाकर धरना स्थल में राष्ट्रगान से अनिश्चितकालीन हड़ताल का आगाज किया गया। इसके बाद कांग्रेस सरकार के ÷जन घोषणा पत्र÷ में जो 'नियमितीकरण का वादा' किया गया हैं, उसे सरकार को याद दिलाने के लिए जयकारें लगाए गए।

संघ के मीडिया प्रभारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 की समाप्ति की स्थिति में प्रदेश में 28 लाख 48 हजार 792 परिवारों के 54 लाख 92 हजार 693 श्रमिकों को मांग के आधार पर महात्मा गांधी नरेगा से रोजगार उपलब्ध कराया गया था। छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ की 4 अप्रेल से शुरु हुई हड़ताल के कारण इन 54 लाख 92 हजार 693 श्रमिकों के समक्ष रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। हड़ताल के पहले दिन ही मजदूरों की संख्या 1 हजार 891 पर आ गई है, जबकि इसी अवधि में पिछले साल नियोजित श्रमिकों की संख्या 12 लाख 26 हजार 508 थी।

राज्य सरकार की *नरवा,गरुवा,घुरुवा,बाड़ी* योजना में प्रदेश में 9 हजार 364 गौठान सक्रिय है, जहाँ की गतिविधियों के संचालन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी ग्राम रोजगार सहायकों के कंधे पर होती है, उनके हड़ताल पर चले जाने के कारण ये सारे गौठान लगभग ठप्प पड़ जाएँगे। नरवा पुनरुद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत एक बड़ी राशि महात्मा गांधी नरेगा से आती है, जिसमें मनरेगा श्रमिकों को रोजगार भी मिलता है।दिनांक 4-4-2022 की स्थिति में सुराजी गाँव योजना की प्रगति रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार *नरवा* पुरुद्धार के अंतर्गत 50 हजार 454 निर्माण कार्य प्रगतिरत है, जो इस हड़ताल के कारण प्रभावित हो गई हैं।

मनरेगाकर्मियों के अपने नियमितीकरण सहित ग्राम रोजगार सहायकों के वेतनमान निर्धारित कर 1966 अधिनियम लागू करने की मांगों के लिए अनिश्चित कालीन आन्दोलन करने बाध्य हैं। क्योंकि माननीय मुख्यमंत्री एवं श्री टी.एस. सिंहदेव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मन्त्री एवं अन्य कांग्रेस वरिष्ठ जनप्रतिनिधि संघर्ष के दिनों में मंच में आये और उनकी सरकार बनाने पर हमें 10 दिवस में नियमित करने का वादा किया7 वादे के अनुरूप हमारी मांगों को कांग्रेस के जन-घोषणा (वचन) पत्र ÷दूर दृष्टि, पक्का इरादा, कांग्रेस करेगी पूरा वादा÷ के बिंदु क्रमांक 11 एवं 30 में कर्मचारियों के नियमितीकरण करने, छटनी न करने तथा आउट सोर्सिंग बंद करने को स्थान दिया था । अद्यतन 3 वर्ष से अधिक समय व्यतीत होने के उपरांत भी सरकार द्वारा नियमितीकरण की कार्यवाही नहीं की जा रही है। अनिश्चितकालीन आन्दोलनरत मनरेगा अधिकारी कर्मचारियों का कहना है कि सरकार हमारी मांगो पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए अतिशीघ्र नियमितीकरण की सौगात दे ।।

दिनांक 7 अप्रैल 2022 को सूरजपुर रंगमंच से कुदरगढ़ तक सरगुजा संभाग के कर्मचारियों के द्वारा बाइक रैली निकाला जावेगा बाइक रैली में जिला सूरजपुर कोरिया एवं सरगुजा के कर्मचारी सम्मिलित होंगे और कर्मचारियों के द्वारा कुदरगढ़ पहुंचकर मां बागेश्वरी माता का दर्शन करेंगे और सूरजपुर में प्रस्थान करेंगे।

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना

सक्ती/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत फ्री मोबाईल यूनिट 6 अप्रैल बुधवार को सुबह 8 बजे से 3 बजे तक लगाई गई जिसमें ईसीजी, ब्लड प्रेशर, प्लस ऑक्सीमीटर जैसे स्वास्थ्य उपकरण भी उपलब्ध है। नगर पालिका अध्यक्ष सुशमा दादू जायसवाल, षहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष त्रिलोक चंद जायसवाल, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष श्याम सुन्दर अग्रवाल, पार्शद धनंजय नामदेव, घनष्याम जायसवाल, गजेन्द्र यादव, कमल शर्मा तथा नगर पालिका के इंजीनियर, उमाशंकर सिंह, शैलेन्द्र पटेल, स्वाती दुबे, कर्मचारी इब्राहिम खान, अभिजीत सिंह थे। नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा जायसवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वाथ्य योजना अंतर्गत फ्री मोबाईल वैन में डाक्टरों समेत मेडिकल स्टाफ मेडिकल उपकरण सहित सभी आवष्यक सुविधाएं मौजूद है छोटी-छोटी बीमारी के लिए अपने काम धंधे बंद कर डाक्टरों से अपॉइंटमेंट लेना और कतार में लग कर इलाज कराने से हर कोई बचना चाहता है। लोगों की जरूरतों को ध्यान रख छत्तीसगढ़ में षुरू की गई मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अब इन्ही उद्देष्यों और लक्ष्यों को न सिर्फ पूरा कर रही है बल्कि अपने मुहल्ले में ही कैप लगने से लागों को इलाज में बहुत सहूलियत मिल रही है तथा निःषुल्क लैब टेस्ट, निःषुल्क दवा भी वितरित की गई। सक्ती में बुधवार के दिन बुधवारी बाजार लगता है जिससे आज कई लोगों ने इसका लाभ लिया।

जनसहयोग समाजसेवी संस्था ने खोला प्याऊ घर

कांकेर/नवप्रदेश। शहर अपनी भीषण गर्मी के लिए भी जाना जाता है। इस वर्ष तो मौसम की भविष्यवाणी भी यही कह रही है कि 121 वर्षो का रिकॉर्ड टूटने ही वाला है। कांकेर में तो दोपहर से शाम तक कर्फ्यू जैसी स्थिति उत्पन्न हो जा रही है। ऐसे में मजबूरीवश घर से निकलने वाले लोगों की सबसे बड़ी ज़रूरत ठंडे पानी की होती है। विडंबना यह है कि वर्षों से काँकेर में प्याऊ नहीं दिखाई देते, जबकि कुछ वर्षों पूर्व अनेक समाजों तथा समितियों द्वारा अनेक वार्डों में प्याऊ स्थापित किए जाते थे, जिनमें मिट्टी के पवित्र घड़ों का पानी सेवादारों द्वारा पिलाया जाता था।आज मात्र थोड़े से फ्रीजर अवश्य हैं लेकिन असामाजिक तत्वों द्वारा उनका दुरुपयोग किया जाता है। और कुछ नहीं तो टोंटियाँ ही पार कर दी जाती हैं। ऐसी स्थिति में जन सहयोग संस्था ने तय किया कि शहर के मध्य थाना के निकट एक प्याऊ तो शुरू कर ही दिया जाए। आज बुधवार 6 अप्रैल को को संस्था ने इस पवित्र कार्य की शुरुआत कर दी है। आशा है अन्य वार्डों में भी इसकी प्रेरणा से प्याऊ स्थापित हो सकेंगे। जन सहयोग संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने बताया कि प्याऊ का उद्घाटन किसी नेता या अफसर से नहीं कराया गया , बल्कि 4 बुजुर्गों से कराया गया, जिनके नाम हैं, सिंध समाज के पूर्व अध्यक्ष (मुखी) मेघराज मंगलानी, सतराम दास पंजाबी, गोविंदराम अहूजा तथा कल्लूमल नागवानी। इस अवसर पर सुबह 10:00 बजे उपस्थित रहने वाले समाज सेवकों में मशहूर वकील, ज़िला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नरेंद्र दवे साहब, सामाजिक कार्यकर्ता संजय मंशानी, धर्मेंद्र देव, प्रमोद सिंह ठाकुर, चंद्रशेखर देव, राजेश चौहान, करण नेताम चरण यादव, हेमंत चौहान, जितेंद्र प्रताप देव, भूपेंद्र यादव आदि ने उपस्थित रहकर अपना बहुमूल्य सहयोग दिया, जिसकी प्रशंसा सारे शहर में की जा रही है। बहुत लंबे समय बाद कांकेर वासियों को मिट्टी के पवित्र घड़ों वाला प्याऊ जलसेवा हेतु मिल रहा है, जिससे आम जनता में बहुत हर्ष है।

मोरमेड को मिला पानी टैंकर

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले के अतिसंवेदनशील क्षेत्र ग्राम पंचायत मोरमेड के ग्रामीणों की लंबे समय की मांग को पूरा करते हुए क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य व बस्तर विकास प्राधिकरण की सदस्य नीना रावतीया उद्दे ने बस्तर प्राधिकरण मद से 4500 लिटर का एक पानी टैंकर प्रदाय किया। पंचायत वासियों को टैंकर मिलने से पीने के पानी की समस्या से निजात मिलेगा इस टैंकर वितरण से ग्रामीणों में काफी हर्ष का माहौल है। जिला पंचायत सदस्य व बस्तर प्राधिकरण सदस्य द्वारा ग्राम वासियों के टैंकर प्रदाय किये जाने से ग्रामीण काफी खुश हैं, ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य का आभार किया तथा क्षेत्र में अपने नेता को पाकर ग्रामवासियो ने कई मांगों को उनके समक्ष रखा। जिसमे प्रमुख मांग मोरमेड पंचायत में वर्तमान स्थिति में मोबाईल टावर न होने से स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे कइयों समस्याओं से ग्रामवासी परेशान रहते है।

ग्रामीणों ने मोबाइल टावर की स्थापना तथा वर्तमान में फरसेगढ़ टावर से बमुश्किल से पेड़ो ओर चढ़ने से टावर कैच करता है इसकी रेंज बढ़ाये जाने की मांग की है। इसी के साथ ही आंगनबाड़ी भवन गुज्जकोन्ता, आंगनबाड़ी भवन मोरमेड स्कुलपारा, बोरवेल खनन जैसे मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया है। नेटवर्क की मांग पर नीना रावतीया उद्दे ने क्षेत्र के विधायक विक्रम मण्डावी जी व ज़िले के कलेक्टर से बात कर जल्द समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया तथा आंगनबाड़ी भवनों की जल्द से जल्द स्वीकृति प्रदान करने की बात कही। इस अवसर पर नीना ने क्षेत्रवासियों को सम्बोधन करते हुए कहा कि जब से छग में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से सभी वर्गो के लिए प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल जी व बीजापुर के विधायक विक्रम मण्डावी जी ज़िले के विकास लिए चिंतित है और क्षेत्र की सभी मूलभूत समस्याओं को जल्द जल्द पूरा करने की बात कही।इसके साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी का ड्रीम प्रॉजेक्ट स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बीजापुर में शासन की महत्वपूर्ण सरस्वती साइकल योजना के तहत अध्यनरत सभी वर्गो के 95 छात्राओं को साइकल वितरण किया। साइकल वितरण कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य अमित गंधरला, शिक्षक मनोज अल्लुर के साथ शिक्षकगण उपस्थित थे इसी प्रकार ग्राम पंचायत मोरमेड में ग्राम प्रमुख, पेरमा, पुजारी, गायता, पटेल के साथ मोरमेड पंचायत के सरपँच प्रति कुड़ियाम, तोयनार सरपँच विजय पाल शाह मण्डावी, पापनपाल सरपंच विजय कुड़ियाम, सचिव रमेश कुड़ियाम, तेलम पोरिया, तेलम हिड़मा धनी मंडे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

मनरेगा कर्मी व रोजगार सहायकों को 5 माह से नहीं मिला वेतन

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकास खण्ड के मनरेगा कर्मियों अधिकारी कर्मचारी ग्राम रोजगार सहायकों का वेतन 5 माह से भुगतान लंबित है के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत मंत्री ने नाम से जिला कलेक्टर को 2/3/ 2022 को लंबी भुगतान एवं अन्य मांगों के संबंध में ज्ञापन सौपकर पर यथाशीघ्र अवश्य कार्यवाही करने हेतु निवेदन किया गया था परन्तु पेमेंट नही होने के चलते परंतु दिनांक 14 अप्रैल को मुख्यमंत्री महोदय के नाम पर जिला कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपकर यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निवेदन किया गया था परंतु मारेगा कर्मियों की विभिन्न मांगों लंबित होने जैसे चुनावी घोषणा पत्र को आत्मसात करने हेतु समस्त मनरेगा कर्मचारियों का नियमित किया जावे नियमितकरण की प्रक्रिया पुणे होने तक रोजगार सहायकों का वेतन मान निर्धारित करते हुए समस्त मारेगा कर्मियों पर सिविल सेवा नियम 1966 के साथ पंचायत का नियमावली लागू करने के संबंध में छत्तीसगढ़ मारेंगे कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय आह्वान पर हम सभी मरेंगे कर्मचारी 4 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल धरना प्रदर्शन रावण भाटा मैदान में दिखाई दी जिसके चलते पंचायत कामकाज बंद हो गया जिसके चलते पंचायत के सभी कामकाज बंद पड़े है

राम नवमी समिति के आयोजन पर शहनाज अख्तर का भव्य भजन संध्या की प्रस्तुति

सुकमा/नवप्रदेश। चैत्र नवरात्र के अवसर पर राम नवमी आयोजन समिति व भगवा हिंदू क्रांति दल के द्वारा रामनवमी को विशिष्ठ प्रायोजित कर भव्य भजन संध्या का आयोजन सुकमा वासियों के लिए किया गया हैं। इस कार्यक्रम में नवनवमी के मौके को खास बनाने के लिए भगवा की जानी मानी भजन गायिका शहनाज अख्तर को प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया हैं।सुकमा में 07 अप्रैल को शाम 7 बजे से भगवा विशेष भजनों की पेशकश करेंगी।

सुकमा में बच्चा बच्चा जय जय श्री राम बोलेगा - मैया पांव पैजनिया और जय जय श्री राम जैसे भजनों से प्रसिद्धि शहनाज अख्तर के भजनों से 07 अप्रैल की शाम को सुकमा मिनी स्टेडियम आयोजित कार्यक्रम से पूरा सुकमा भगवा रंग के धुन में जय जय श्री राम का गीत हर घर में गूंजेगा।भव्य भजन संध्या के आयोजन के लिए सुकमा के रामभक्त काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं।

कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर

राम नवमी व भव्य भजन संध्या के बेहतर आयोजन के लिए विशेष तैयारी जोर शोर से किया जा रहा है। सुकमा भगवामय बनाने के लिए सुकमा में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सुकमा वासिंदो हर संभव सहयोग प्रदान किया जा रहा हैं।बता दे की राम नवमी आयोजन समिति व भगवा हिंदू क्रांति दल द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन सुकमा मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में शाम 7 बजे से आयोजित किया जा रहा हैं।जिसमे भजन गायिका शहनाज अख्तर अपनी प्रस्तुति देंगी।

मनरेगाकर्मियों के हड़ताल को भाजपा का समर्थन

- **नियमितीकरण की मांग जायज : मरकाम**

सुकमा/नवप्रदेश । 04 अप्रैल से प्रदेशभर में अपने दो सूत्रियों मांगो को लेकर सरकार के खिलाफ बैठे मनरेगा कर्मियों को सुकमा में आज भाजपा का समर्थन मिला हैं।बता दे की सुकमा में नियमितीकरण व वेतनमान निर्धारण के दो सूत्रीय मांगो को लेकर 04 अप्रैल से मनरेगा कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं।बता दे की छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले 14 मार्च को जिला स्तरीय एक दिवसीय सांकेतिक रैली व धरना प्रदर्शन किया गया था।पर मनरेगा कर्मचारी महासंघ को प्रदेश सरकार की तरफ से कोई भी प्रतिक्रिया नहीं मिला।जिसके बाद पूरे राज्य में मनरेगा कर्मचारी संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।मनरेगा कर्मियों के हड़ताल में जाने से जिला प्रशासनिक स्तर पर कार्य प्रभावित होता दिख रहा हैं।जिसका प्रभाव ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों पर भी पड़ रह हैं।

नियमितीकरण की मांग जायज - हूंगा राम मरकाम - जिला अध्यक्ष भाजपा सुकमा - नियमितीकरण व वेतनमान निर्धारण की मांग को जायज बताकर मनरेगा कर्मियों के हड़ताल को भाजपा का समर्थन मिला हैं।सुकमा भाजपा जिला अध्यक्ष हूंगाराम मरकाम के नेतृत्व में भाजपा के जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने मरनेगा कर्मियों के धरना स्थल पहुंच कर आंदोलन को समर्थन दिया।आंदोलन के समर्थन में भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा दो सूत्रीय मांगो को पूरा करने को लेकर सरकार के खिलाफ हड़ताल पर बैठे मनरेगा कर्मियों के साथ नारेबाजी करते दिखे।पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष हूंगाराम मरकाम ने कहा कि मनरेगा कर्मियों का मांग जायज हैं।सरकार में आते ही गंगाजल हांथ में लेकर भूपेश बघेल की सरकार ने सौगंध लिया था।लेकिन वो अपने इस वचन को निभाने में नाकाम नजर आए हैं। जिसका नमूना सरकार के बड़ी आम जनसभाओं में लोगो द्वारा विरोध प्रदर्शन के रूप में देखने को मिल रहा हैं।हाल ही में जगदलपुर में पिछड़ा वर्ग समाज का सभा का बहिष्कार इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं।सरकार ने सत्ता के लोभ में भले ही सभी वर्गो से उनकी मांगों को पूरा करने के झूठे वायदे किए हों।लेकिन अपने उन वादों को पूरा करने में सरकार अब तक नाकाम रहा हैं।वहीं मनरेगा कर्मियों के हड़ताल के समर्थन में भाजपा के हूँगाराम मरकाम जिला अध्यक्ष,धनीराम बरसे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य,मनोज देव वरिष्ठ भाजपा नेता,महेंद्र सिंह भदौरिया भाजपा जिला महामंत्री, भीमा मरकाम जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष,आयताराम मंडावी भाजपा जिला उपाध्यक्ष, भुवनेश्वरी यादव भाजपा जिला मंत्री, संजय सोढ़ी भाजपा जिला मंत्री, दीपिका शोरी भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष,विवेक यादव सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश सदस्य, रमाकांत नायक जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, खेमलाल सिन्हा जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा, राजकुमार कश्यप जिला महामंत्री भाजयुमो, शंकर गोनेल जिला मंत्री भाजयुमो राजेन्द्र कुलदीप, सोनू नेताम, अशोक कोड़ी, लखमू बघेल मौजूद रहे।

निशानेबाजी के लिए भोपाल में ट्रायल, अब दिल्ली में प्रतियोगिता

■ नेशनल स्क्वाड सेलेक्शन ट्रायल में छत्तीसगढ़ के अनेक निशानेबाज

■ सभी चार ट्रायल्स के औसत प्वाइंट्स निकालकर फाइनल स्क्वाड तैयार किया जाएगा

रायपुर/नवप्रदेश। जाने-माने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के सहयोग से निशानेबाजी की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने वाले संगठन छत्तीसगढ़ प्रदेश राइफल्स एसोसिएशन (सीपीआरए) ने प्रदेशवासियों को नई खुशखबरी दी है। सीपीआरए के संरक्षण में तैयार छत्तीसगढ़ के अनेक निशानेबाजों ने भोपाल में आयोजित नेशनल स्क्वाड सेलेक्शन ट्रायल-1 और 2 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अब उनके दो ट्रायल दिल्ली में होंगे और सभी ट्रायल्स के औसत निकालकर फाइनल स्क्वाड तैयार कर अगले चरण के ट्रायल्स होंगे।

यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पूरे छत्तीसगढ़ से निशानेबाजी की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की सीपीआरए की मुहिम रंग ला रही है। भोपाल में आयोजित दो चरणों के ट्रायल्स में जिन प्रतिभाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, उनमें से अनेक प्रतिभाओं के अंक शानदार हैं और उनमें राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अकूत संभावनाएं दिख रही हैं। दिल्ली में दो चरणों के ट्रायल्स के बाद अंतिम सूची बनेगी और चयनित निशानेबाद आगे का सफर तय कर सकेंगे।

भोपाल में 8 से 30 मार्च तक चले इस ट्रायल के बाद 7 अप्रैल से दिल्ली में तीसरा और चौथा ट्रायल होगा। यह एक अद्भुत अवसर है, जिसमें छत्तीसगढ़ के अनेक निशानेबाज हिस्सा लेंगे।

जिन प्रतिभाओं ने भोपाल में छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है, उनमें 10 मीटर एयर राइफल (महिला) प्रतियोगिता में सुनिश्का कुमार, अलीशा पेंक्रा, इंशा अंजुम, खुशी सक्सेना, ए. प्रज्ञाश्री, खुशी चौधरी, प्रांजूश्री सोमानी, अद्विका नितिन सहाय, ए. लस्या, हुमा यूनुस, शक्ति चंद्रा, कोमल श्रीवास और 10 मीटर एयर राइफल (पुरुष) में शिवम चौधरी, मानस कानोजे, आयुष दीक्षित, कृष्ण कश्यप, कुशाग्र देवसिंह परिहार, मानवेंद्र अनुराग शर्मा, अंजल गगन झंवर, कुंवर कार्तिक सिंहदेव शामिल हैं। इसी तरह 10 मीटर एयर पिस्टल (पुरुष) में शशांक मसीह एवं महिला वर्ग में सादिया यूनुस और श्रुति यादव, स्नेहा, प्रियाराज सिंह, वशिका कामडे व हर्षलता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जबकि 50 मीटर प्रोन (पुरुष) में सारांश सैमुअल और 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्तौल जूनियर (पुरुष) में हरमन सिंह सैंडो ने शानदार प्रदर्शन किया है।

औषधीय गुणों से भरपूर है लेमन ग्रास

■ पेट दर्द, उच्च रक्तचाप, उलटी, गठिया वात, बुखार, खांसी आदि में यह बहुत लाभकारी

रायपुर/नवप्रदेश। लेमन ग्रास औषधीय गुणों से भरपूर होता है। लेमन ग्रास की महक से न सिर्फ मच्छरों को पनपने से रोका जा सकता है, बल्कि कई बीमारियों की रोकथाम के लिए यह औषधि के रूप में भी काफी उपयोगी है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में इसे बेहद कारगर माना गया है। शासकीय आयुर्वेदिक कालेज के सह-प्राध्यापक डॉ. संजय शुक्ला ने बताया कि लेमन ग्रास शरीर में बनने वाले फ्री रेडिकल्स और टॉक्सिस को बाहर निकाल देता है, जिससे प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। लेमन ग्रास में एल्फा पिनाइन और बीटा पिनाइन नाम के रासायनिक तत्व मिलते हैं, जो विटामिन-ए बनाने के लिए काम आते हैं।

डॉ. शुक्ला ने बताया कि लेमन ग्रास पेट में दर्द, उच्च रक्तचाप, उलटी, गठिया वात, बुखार, खांसी आदि में भी बहुत लाभकारी होता है। इसकी चाय मानसिक तनाव, चिंता और घबराहट को दूर करता है तथा कोलेस्ट्रॉल को कम करता है। वहीं शरीर में रेड ब्लड सेल को भी बढ़ाता है। लेमन ग्रास में मौजूद औषधीय गुण कई बीमारियों जैसे सिरदर्द, सर्दी, बुखार आदि के संक्रमण से बचाने में मदद कर सकते हैं। लेमन ग्रास एनीमिया को दूर करने मे भी उपयोगी होता है। इसके नियमित सेवन से शरीर में आयरन की कमी को पूरा किया जा सकता है। इसे चाय में इस्तेमाल करने पर बुखार, कफ और सर्दी में फायदा करता है। लेमन ग्रास के सेवन से वजन, बैक्टीरियल संक्रमण, पेट की सूजन, पेट फूलना, पेट में ऐंठन, अपच, कब्ज, दस्त, पेचिश, उल्टी और ऐंठन जैसी पाचन संबंधी समस्या, गठिया या आर्थराइटिस की समस्या से राहत मिल सकती है। इसमें विटामिन-ए, फोलिक एसिड, जिंक, कॉपर, आयरन, पोटैशियम, फास्फोरस, कैल्शियम और मैगनीज़ जैसे तत्व पाए जाते हैं। डॉ. शुक्ला ने बताया कि लेमन ग्रास का औषधि के रूप में प्रयोग किसी आयुर्वेद विशेषज्ञ के परामर्श और मार्गदर्शन में ही करना चाहिए अन्यथा सेहत के लिए नुकसानदेह हो सकता है

लेमन आइल से मच्छरों से मिलेगा छुटकारा

मच्छरों के काटने से फैलने वाली बीमारी जैसे डेंगू, चिकनगुनिया, फाइलेरिया और मलेरिया से बचने मच्छरों से छुटकारा पाने के लिए औषधीय गुणों से युक्त लेमन ग्रास का तेल काफी फायदेमंद होता है। लेमन ग्रास के पौधे घर में रखने से मच्छरों का प्रकोप कम होता है।

छग की राज्यपाल सुश्री उइके ने पंजाब के राज्यपाल पुरोहित से की सौजन्य भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज पंजाब के राज्यपाल श्री बनवारी लाल पुरोहित से राजभवन चंडीगढ़ में सौजन्य भेंट की। दोनों ही राज्यपालों ने एक-दूसरे को नवरात्रि एवं रामनवमी की शुभकामनाएं दीं और देश-प्रदेशवासियों के लिए मंगलकामना की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न सामाजिक, प्रशासनिक, जनजातीय समुदाय से जुड़े विषय सह अन्य समसामयिक मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर राज्यपाल सुश्री उइके ने पंजाब के राज्यपाल श्री पुरोहित को राजकीय गमछा और स्मृति चिन्ह भेंट किया। चंडीगढ़-पंजाब के राज्यपाल श्री पुरोहित ने भी राज्यपाल सुश्री उइके को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट किया।

छत्तीसगढ़ के गौठानों को देखने और समझने आए वर्धा के प्रगतिशील किसान

■ अभनपुर नवागांव गौठान एवं मल्टीयूटीलिटी सेन्टर सेरीखेड़ी का किया अवलोकन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की सुराजी गांव योजना के तहत गांवों में स्थापित गौठान और गोधन न्याय योजना ने गांवों में स्वावलंबन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिला है। गौठान और गोधन की सफलता ने देश के सभी राज्यों का ध्यान छत्तीसगढ़ की ओर खींचा है। छत्तीसगढ़ सरकार की सुराजी गांव योजना के तहत गांवों में स्थापित गौठान तथा गोधन न्याय योजना के समन्वय से गौठानों में संचालित आयमूलक गतिविधियों को देखने के लिए आज महाराष्ट्र राज्य के वर्धा जिले से प्रगतिशील कृषकों के दल ने रायपुर जिले के अभनपुर विकासखण्ड अंतर्गत नवागांव (ल) गौठान का भ्रमण कर वहां महिला समूह द्वारा संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर

सरपंच श्री भागवत साहू भी उपस्थित थे। वर्धा से आए किसानों के दल ने गौठान में नवनिर्मित आसवन ईकाई, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन ईकाई, मशरूम उत्पादन ईकाई, गोबर से गमला एवं दीया निर्माण, कृषि विभाग द्वारा प्रदत्त मक्का फसल प्रदर्शन बाड़ी, मछली पालन, बाड़ी आदि का अवलोकन किया। दल के साथ आये हुये कृषक डॉ. उल्हास जाजू ने वर्धा सेवाग्राम में स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों के बारे में गौठान की महिला समूहों से विस्तार से चर्चा की। दल के सभी कृषकों ने अपने अनुभव साझा किये गये।

वर्धा महाराष्ट्र राज्य से आये प्रगतिशील कृषकों के दल के द्वारा कल्पतरु मल्टीयूटीलिटी सेन्टर, सेरीखेडी का अवलोकन किया गया। कल्पतरु मल्टीयूटीलिटी सेन्टर का संचालन उजाला ग्राम संगठन सेरीखेड़ी के द्वारा किया जा रहा है। मल्टीयूटीलिटी सेन्टर में ग्रामीण महिलाओं द्वारा 28 प्रकार के गुणवत्तायुक्त पर्यावरणीय मैत्री वाले हर्बल उत्पादों का निर्माण किया जा रहा है।किसानों दल ने यहां दाल पेकिंग ईकाई, मास्क एवं केरीबेग निर्माण ईकाई, कपडा बुनाई, मधुबन एवं बस्तर कला चित्रकारी ट्री-गार्ड निर्माण, विभिन्न प्रकार के आचार निर्माण, मशरूम उत्पादन, साबुन एवं मोमबती उत्पादन, हर्बल गुलाल उत्पादन, सोलर ड्रायर, बेकरी आयटम्स, आरओ वाटर बॉटलिंग ईकाई आदि का अवलोकन किया।

गंभीर आरोपों पर डीआईजी गुप्ता के खिलाफ कार्यवाही कर गिरफ्तार किए जाने की मांग की

■ डीआईजी जेल डॉ. केके गुप्ता पर कार्रवाई नहीं होने पर आम आदमी पार्टी ने दी आंदोलन की चेतावनी

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को डीआईजी केके गुप्ता के खिलाफ कार्यवाही और गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि डॉ. के.के. गुप्ता जो कि वर्तमान में केन्द्रीय जेल रायपुर में पदस्थ है, उनके विरूद्ध कई बड़े गंभीर आरोप लगे हुए हैं, उसके बावजूद आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। उन पर लगे आरोप निम्नांकित है -

1. डॉ. के.के. गुप्ता वर्तमान में षडयंत्र कर दो पदों पर पदस्थ होकर पद का लाभ ले रहे हैं। डॉ. के.के. गुप्ता को सन् 2012 में अपने मूल कार्य के साथ-साथ अधीक्षक केन्द्रीय जेल रायपुर के पद पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई थी, जिसमें सन् 2016 में रायपुर केन्द्रीय जेल में गायकवाड बतौर अधीक्षक केन्द्रीय जेल रायपुर पदस्थ किये गये थे और सन् 2012 का अस्थायी आदेश जो कि डॉ. के के. गुप्ता को दिया गया था, वह वही समाप्त हो चुका था।

2. डॉ. के.के. गुप्ता पर आरोप है कि उनके द्वारा षडयंत्र कर पुनः केन्द्रीय जेल रायपुर के जेल अधीक्षक बन गये।

3. यह कि के. के, गुप्ता का मूल पद जेल उप महानिरीक्षक है, उसके साथ-साथ वह बिना किसी शासकीय आदेश के लगातार विधि विरूद्ध होकर जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल रायपुर के पद पर भी पदस्थ होकर कार्य कर रहें हैं।

4. डॉ. के के, गुप्ता पर उनके साथ की महिला अधिकारी द्वारा भी एस. सी./ एस.टी. एट्रोसिटी के अंतर्गत प्रताड़ित किये जाने के गंभीर आरोप लगाये गये ।

5. डॉ. के. के. गुप्ता के संरक्षण में सन् 2017 में जेल में बंदियों को एक्सपायरी दवा (पॉइजन) व इंजेक्शन दिये जा रहे थे जिसकी

शिकायत भी लगातार महिला अधिकारी व बंदियों द्वारा अपने कथन में दिया गया, उसके बावजूद किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। उक्त तमाम प्रकार के और भी कई गंभीर आरोप डॉ. के. के. गुप्ता उप-महानिरीक्षक जेल एवं जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल रायपुर के विरूद्ध लगाये गये, इसके बावजूद आज दिनांक तक उनके विरूद्ध कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो सकी है। इस संबंध में महिला अधिकारी अनुसूचित जाति समुदाय की महिला अधिकारी वर्षा डोंगरे उर्फ वर्षा संतोष कुंजाम द्वारा भी लगातार पत्राचार किये गये व शिकायत की गई, किन्तु उस पर भी उल्टा अनुसूचित जाति की महिला अधिकारी वर्षा डोंगरे उर्फ वर्षा संतोष कुंजाम को ही प्रताडना झेलनी पड़ी और आरोपी अधिकारी डॉ. के के गुप्ता आज तक मजे से दोनों पदों पर पदस्थ होकर पदों का दुरुपयोग करते आ रहे हैं। उन्होंने लिखा कि इस संबंध में हम आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के लोग यह मांग करते हैं कि उपरोक्त अधिकारी पर लगे सभी गंभीर आरोपों की निष्पक्ष जांच कर भ्रष्टाचार उजागर किया जों व अविलंब डॉ के.के. गुप्ता को गिरफ्तार किया जावे, साथ ही अनुसूचित जाति के महिला अधिकारी वर्षा डोंगरे को त्वरित यह सुनिश्चित् कराया जावे कि उनके साथ भविष्य में किसी भी प्रकार की प्रताड़ना नहीं होगी। उनके पक्ष को सुनते हुए अविलंब अधिकारी डॉ. के.के. गुप्ता पर एस.सी./ एस.टी. एट्रोसिटी एक्ट के तहत् मामला दर्ज कर कार्यवाही की जावे। कोमल हुपेंडी ने लिखा कि उक्त मामले को अविलंब संज्ञान में लेकर शासन-प्रशासन यदि गंभीरता से जांच कर डॉ. के.के. गुप्ता पर कार्यवाही कर गिरफ्तार नहीं करता तो आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ उक्त समस्त तथ्यों के साथ छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बड़ा घेराव प्रदर्शन करेगी।

यदि इस बीच किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना किसी पीड़ित पक्ष के साथ घटित होती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों के निराकरण समय सीमा में करने के दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर सौरभ कुमार की अध्यक्षता में आज यहां कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से उनके विभाग के लंबित प्रकरणों का यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बताया कि आगामी समय में मुख्यमंत्री द्वारा सघन रूप से जिले का भ्रमण करेंगे तथा शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन का फील्ड स्तर पर फीडबैक लेते हुए उनकी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति विषयक जानकारी अद्यतन करने कहा।

कलेक्टर ने समय-सीमा अंतर्गत निराकृत किए जाने वाले राजस्व प्रकरणों जिसमें विवादित एंव अविवादित नामांतरण, बटवारां, डायवर्सन एवं सीमांकन सहित अन्य आवेदनों की स्थिति, स्लम पट्टों पर भूमि स्वामी अधिकार संबंधी आवेदनों की निराकरण की स्थिति, नजूल, कृषि भूमि, एवं आबादी पट्टों पर भू-स्वामी अधिकार दिए जाने से संबंधित आवेदनों, नजूल भूमि आबंटन/व्यवस्थापान संबंधी आवेदनों का निराकरण, लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति तथा लंबित आवेदनों एवं निर्धारित समय अवधि में निराकरण किए जाने के संबंध में चर्चा की गई।

कलेक्टर ने निकायों की संपत्ति विक्रय से प्राप्त आय की स्थिति, कमजोर आय वर्ग हेतु चिन्हांकिंत भूमि की उपयोग की स्थिति, शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की प्रगति, धनवंतरी मेडिकल स्टोर का संचालन (आधे से कम दरों पर उच्च गुणवत्ता युक्त ब्रांडेड जेनेरिक दवाओं का विक्रय) की प्रगति, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना, ग्रामीण औद्योगिक पार्क की स्थापना की प्रगति, आगामी खरीफ सीजन में धान के बदले फसलों को बढ़ावा देने, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, अवैध निर्माण का नियमितीकरण, आवासीय क्षेत्र के व्यावसासिक उपयोग का नियमितीकरण, लेआउट अनुमोदन हेतु प्राप्त आवेदनों का निराकरण, भवन अनुज्ञा अनुमोदित हेतु प्राप्त आवेदनों का निराकरण, सुपोषण अभियान की प्रगति, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना, स्वामी आत्मानंद योजना के संचालन, सड़कों के रखरखाव निर्माण की स्थिति एवं चिटफंड घोटाले के पीड़ितों के साथ न्याय संबंधी विभिन्न विषयों पर अधिकारियों को निर्देशित किए।

बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जन चौपाल एवं लोक सेवा गारंटी के आवेदनों का प्रमुखता से निराकरण के निर्देश दिए गए।

सभी गौठानों में 8 को आयोजित किया जाएगा ''गोठान पहुंच कार्यक्रम''

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले के सभी गोठानों में आगामी 8 अप्रैल को गोठान पहुंच कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मयंक चतुर्वेदी ने कृषि विभाग तथा जिले के सभी जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को कार्यक्रम के व्यवस्थित संचालन के संबंध में निर्देशित किया है।

उन्होंने बताया कि 4 अप्रेल से 16 अप्रेल के मध्य 'गोठान पहुँच कार्यक्रम' आयोजित करने के संबंध में निर्देश प्राप्त हुआ था। उन्होंने बताया कि 8 अप्रैल को नोडल अधिकारी, आर.ए.ई.ओ तथा गोठान समिति के सभी सदस्य अपने गोठान में अनिवार्यतः 4-5 घण्टे उपस्थित रहकर गोठान की गतिविधियों का अवलोकन एवं निरीक्षण करेंगे। गोठान समितियों, स्वसहायता समूहों, चरवाहा आदि से चर्चा उपरांत समस्याओं की पहचान कर सूचीबद्ध करेंगे। पहचान की गई समस्याओं और उसके समाधान के लिए सुधारात्मक कार्यवाही करने के साथ ही गोठान को आर.आई.पी.ए के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना, क्रियान्वयन पर जानकारी एवं सुझाव प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। श्री चतुर्वेदी ने बताया कि 'गोठान पहुँच कार्यक्रम' की डी-ब्रीफिंग 11 अप्रैल को सुबह 11 बजे से पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडीटोरियम रायपुर में कलेक्टर द्वारा की जाएगी।

सीएम द्वारा राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड की परीक्षाओं में शुल्क नहीं लेने की घोषणा का कांग्रेस ने किया स्वागत

■ पीएससी, व्यापम के बाद मुख्यमंत्री का युवाओं को बड़ी राहत

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बस्तर और सरगुजा में बनाये गये कर्मचारी चयन बोर्ड की परीक्षाओं में शुल्क नहीं लिये जाने की घोषणा का कांग्रेस ने स्वागत किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि इसके पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में प्रस्तुत किये गये बजट में राज्य के युवाओं से राज्य लोकसेवा आयोग की परीक्षाओं और व्यावसायिक परीक्षा मंडल की परीक्षाओं में फीस नहीं लेने का बजटीय प्रावधान किया था। अब इसका विस्तार करते हुये उन्होंने राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड की परीक्षाओं में भी शुल्क नहीं लेने की घोषणा करके प्रदेश के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल युवाओं की जरूरत को संवेदनशीलता से समझते है। इसीलिये जब छात्रों ने उनके समक्ष दलील रखा कि ''जैसी पढ़ाई वैसी परीक्षा'' उन्होंने तत्काल राज्य के विश्वविद्यालयों में आनलाईन परीक्षा का आदेश दे दिया।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार हर वर्ग के लिये योजना बना कर उसका जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है। कांग्रेस सरकार के रोजगारोन्मुखी और युवाओं के भविष्य को प्राथमिकता देने का ही परिणाम है कि आज छत्तीसगढ़ देश में सबसे कम बेरोजगारी दर वाला राज्य बन गया है। देश की बेरोजगारी दर 7.6 प्रतिशत है वहीं छत्तीसगढ़ की बेरोजगारी दर मात्र 0.6 प्रतिशत ही है। जिस प्रदेश में युवा 15 साल तक उपेक्षित था उसके लिये सरकारी नौकरी के द्वार बंद कर दिये गये थे राज्य की बेरोजगारी दर 21.5 प्रतिशत थी। सरकारी नौकरी में भर्तियां आऊट सोर्सिंग के माध्यम से होती थी, पीएससी की 15 साल में 15 परीक्षा भी नहीं होती थी। व्यापम भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया था, उसी प्रदेश में पिछले तीन साल में परीक्षाओं, भर्तियों और योजनाओं में युवाओं को केंद्र बिन्दु बना कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के युवाओं के सपनों को नई उड़ान दिया है।

खैरागढ़ उपचुनाव जिताने सभी एकजुट हो : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि खैरागढ़ उप चुनाव जिताने के लिए सभी एक जुट हो। उन्होंने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि यह चुनाव 2023 के विधानसभा में भाजपा की सरकार बनाने के लिए विजय का द्वार साबित होगा। खैरागढ़ उप चुनाव जीतने से प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में लहर पैदा होगी। श्री अग्रवाल आज खैरागढ़ में आयोजित प्रबुद्धजनो की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि केन्द्र में भाजपा की सरकार है जिसका परिणाम यह हुआ है कि जो काम 500 साल में नहीं हो पा रहा था अब हो रहा है 2023 के अंत तक प्रभु राम का भव्य मंदिर अयोध्या में बन जाएगा। वैसे ही

काश्मीर से धारा 370 और 35ए की समाप्ति हुई। अगर राज्य में भी भाजपा की सरकार होती तो धर्मांतरण नहीं होता और भगवा ध्वज का अपमान नहीं हो पाता।

श्री अग्रवाल ने कहा कि खैरागढ़ में राजपरिवार का सम्मान है और यहाँ से स्व. देवव्रत जी विधायक थे काँग्रेस ने उनका अपमान किया, मुख्यमंत्री के कारण उन्हें काँग्रेस छोडना पड़ा। 6 महीने हो गये उनकी मूर्ति स्थापना क्यों नहीं की गई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारें काम करती हैं। पिछले 15 साल में प्रदेश में सड़कों का जाल सबको दिखाई दे रहा है। लेकिन इस सरकार में पिछले साढ़े तीन साल में एक रुपये का भी काम नहीं हुआ है एक ईट तक नहीं रखी गई है। राज्य सहित खैरागढ़ पिछड़ गया है। श्री अग्रवाल ने कहा कि खैरागढ़ में हम चुनाव जीतने की स्थिति में हैं। सारे भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक मिलकर भाजपा के कमल फूल को और प्रत्याशी कोमल जंघेल को जिताने के लिए एकजुट हो जाएँ। भाजपा का खैरागढ़ में चुनाव जीतना तय है इसलिए मुख्यमंत्री तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं।

आज की बैठक में भगवत शरण सिंह, हर्ष दशरिया, राजीव चन्द्राकर, मनोज गिडिया सहित सैकडों की संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

खैरागढ़ उपचुनाव में मना भाजपा स्थापना दिवस

रायपुर/नवप्रदेश। खैरागढ़ उप चुनाव के दौरान आज भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल चुनाव कार्यालय और विधानसभा चुनाव कार्यालय खैरागढ़ में भाजपा का 42वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर भारत माता जय के नारे लगाएं।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. बालमुकुन्द देवांगन, विक्रान्त सिंह, फूलचन्द पारख, रितुराज पुखरिया, चुम्मन चन्द्राकर, चंद्रकांत सोनी, राकेश सिंह, प्रदीप पंडित नई दिल्ली, पायल अंबवानी, गीता ठाकुर, बिन्दु माहेश्वरी, मनीषा चन्द्राकर, ममता चौहान, श्याम सुन्दर अग्रवाल, मेरी फ्रांसिस, रतिराम साहू, कुलदीप सिंह परयाल, लक्ष्मी वर्मा, रेणुका वर्मा, नीलिमा गोस्वामी, रोहित तिवारी, ममता नायक, वर्षा विक्रम सिंह मुंगेली तथा अनीता साहू मुंगेली प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय के छात्राओं को संसदीय सचिव शोरी ने किया साइकिल वितरण

कांकेर/नवप्रदेश। संसदीय सचिव व कांकेर विधायक शिशुपाल शोरी द्वारा आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहरदेव कांकेर में सरस्वती साइकिल योजना के तहत स्कूली छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बालिकाओं को घर से स्कूल आने-जाने के लिए किसी दूसरे पर निर्भर न होना पड़े, इसे ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सरस्वती साइकिल योजना प्रारंभ किया गया है, जिसके तहत् आज इस विद्यालय में अध्ययनरत 53 बालिकाओं को सरस्वती साइकिल प्रदाय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा गरीब एवं मजदूर वर्ग के बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा मुहैया कराने के लिए अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ किये हैं। जिसमें सभी वर्ग के बच्चे निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर अपने सपनों को साकार कर सकें। श्री शोरी ने कहा कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पूरे देश में अपनी अलग पहचान बना चुका है, यहां बहुत अच्छी शिक्षा प्रदान की जा रही है एवं शिक्षक भी काफी योग्य हैं। इसी का परिणाम है कि इन स्कूलों में भर्ती के लिए क्षमता से अधिक आवेदन प्राप्त हो रहे हैं।

संसदीय सचिव श्री शिशुपाल शोरी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे कलाम ने कहा था, सपने अगर आपको देखना है तो बड़े सपने देखें, उसको पाने के लिए पूरे समर्पित भाव से प्रयास करें तभी आपको अपनी मंजिल मिलेगी।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष हेम नारायण गजबल्ला ने कहा कि नरहरदेव विद्यालय का उज्जवल इतिहास रहा है इस विद्यालय से पढ़कर विद्यार्थी आज ऊंचे पदों पर पहुंचे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा यहां इंग्लिश मीडियम स्कूल शुरू करने से यहां दाखिला के लिए रोज हजारों आवेदन आ रहे हैं जो इस विद्यालय की गुणवत्ता व मांग को प्रदर्शित करता है। आप भाग्यशाली हैं कि इस विद्यालय में पढ़ाई कर रहे हैं। अच्छे से पढ़-लिखकर इस विद्यालय का नाम ऊंचा करें और अपने परिवार एवं गांव का नाम भी रोशन करें।

कलेक्टर चंदन कुमार ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ कर ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पहले जिला मुख्यालय में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रारंभ किया गया तथा अब विकासखंडों में भी स्वामी आत्मानंद इंग्लिश एवं हिंदी मीडियम उत्कृष्ट विद्यालय खोले गये हैं, जिसमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा निःशुल्क प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि कांकेर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय ने पूरे प्रदेश मे अपना श्रेष्ठ स्थान बनाया है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि छात्र-छात्राएं समर्पित भाव से पढ़ाई करें, उच्च शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनें और सक्षम होकर अपने सपनों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना बालिकाओं को घर से स्कूल आने-जाने के लिए सक्षम बनाने की योजना है, सभी विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने मंजिल को प्राप्त करें। समारोह को जनपद पंचायत कांकेर के उपाध्यक्ष श्री रोमनाथ जैन एवं जिला शिक्षा अधिकारी टी.आर. साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी कांकेर श्री भुवन जैन, प्राचार्य श्रीमती रचना श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

सूर्य उपासना के महापर्व छठ व्रत

रामानुजगंज/नवप्रदेश। सूर्योपासना का महापर्व चैती छठ आज नहाए खाए से प्रारंभ हो गया। भीषण गर्मी के बावजूद भी व्रतियों में चार दिन चलने वाले महा पर्व को लेकर उत्साह है। व्रतियों के द्वारा कनहर नदी राम मंदिर घाट व्रती डूबते एवं उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा व्रतियों के कनहर नदी में जाने आने के लिए आज अस्थाई रूप से रास्ते का निर्माण नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल के द्वारा खुद खड़े होकर कराया गया वही राम मंदिर घाट की साफसफाई कराई गई। गौरतलब है कि सूर्य उपासना के महापर्व छठ व्रत की अद्भुत छटा नगर में देखने को मिलती है कार्तिक माह में छठ व्रत जहां नगर में विशेष धूमधाम से मनाया जाता है वही चैती छठ भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु करते हैं। पड़ रही भीषण गर्मी के बाद भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस बार चैती छठ कर रहे हैं बीते 2 वर्षों से कोरोना के कारण बहुत लोग छठ व्रत नदी में नहीं कर पा रहे थे परंतु इस बार श्रद्धालुओं में उत्साह है। नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बताया कि व्रतियों के कनाडा नदी में आने जाने के लिए अस्थाई रूप से रास्ते का निर्माण एवं अस्थाई पुलिया का निर्माण कर दिया गया है वही राम मंदिर घाट की साफ सफाई भी करा दी गई है।

16 मंडलों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाजपा का 42वां स्थापना दिवस

कांकेर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी का 42 वां स्थापना आज पूरे जिले के सभी 16 भाजपा मण्डलों में धुमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । आज ही के दिन 6 अप्रेल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी । कोरर में जहां भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया व जिला महामंत्री बृजेश चौहान ने पार्टी का झण्डा फहराया वहीं जिला मुख्यालय में भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भरत मटियारा, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले व जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल ने ध्वाजारोहण किया । श्री लाटिया ने जिले के समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की बधाई दी । इस अवसर पर श्री लाटिया ने कहा कि जब 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई तब पहले पार्टी के पहले चुनाव में हमारे मात्र दो सांसद चुन कर आये थे । आज देश भर में भाजपा के कुल 303 लोकसभा सांसद, 101 राज्यसभा सांसद, व 1379 विधायक सहित पूरे देश में 17 राज्यों में भाजपा व सहयोगी दलों की सरकारें है । श्री लाटिया ने कहा कि जब हमारी पार्टी के दो ही सांसद चुन कर आये थे तब कांग्रेसी मजाक उड़ाते कहते थे कि हम दो हमारे दो । भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई ने एक दिन संसद में कहा था कि एक समय ऐसा आयेगा जब देश में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी व पूरे देश में भाजपा का राज होगा और आज जो हमारे दो सांसद होने पर खिल्ली उड़ा रहे है उन्हें देश भर से सत्ता से बेदखल होना पड़ेगा। आज स्थापना दिवस के दिन सर्वप्रथम सभी भाजपा मण्डलों में सुबह देश भक्ति नारों के साथ प्रभात फेरी, शोभायात्रा निकाली गई तत्पश्चात् भाजपा का झण्डा फहरा कर समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं व आम लोगों को भाजपा स्थापना दिवस की बधाई दी गई। सुबह 10 बजे से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उदबोधन सुना गया। कांकेर में उपर नीचे रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर से भाजपा कार्यालय कमल सदन तक भाजपा की जयघोष के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर कांकेर में राजीव लोचन सिंह, देवेन्द्र भाउ, राजा देवनानी, विरेन्द्र श्रीवास्तव, संजय खटवानी, संजय सिन्हा, अरूण कौशिक, विजय लक्ष्मी कौशिक, अन्नपूर्णा ठाकुर, राकेश शर्मा, अंजू नेगी, सरिता यादव, मीना उके, रामप्यारी साहू, रमशीला साहू, शंकुतला जैन, करण नेताम, उपस्थित रहे वही कोरर के कार्यक्रम में अनूप राठौर, परमानंद तेता, गजेन्द्र परिहार, जय शिवना, बलवंत ठाकुर, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अवैध नशीले पदार्थ की तस्करी करते आरोपी पकड़ा गया

■ एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई कार्यवाही

■ प्रतिबंधित नशीली रिलेक्स कॅफ सीरप बरामद, अनुमानित कीमत 16,000/- रूपये

जगदलपुर/नवप्रदेश। अवैध नशीली पदार्थ सिरप के तस्करी करने वाले पर कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली। थाना बोधघाट के अंतर्गत हाटकचोरा में अवैध नशीली पदार्थ की तस्करी की जा रही थी।

सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा एवं अति. पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लालजी सिन्हा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक प्रमोद ठाकुर, सउनि. सतीश यादव, धीरेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक पवन श्रीवास्तव, राजेश सिंह, आरक्षक अजय चंद्राकर, राकेश मंडावी आदि की टीम गठित कर कार्यवाही हेतु रवाना किया गया था । उक्त टीम के द्वारा हाटकचोरा में चेक पोस्ट लगाकर संदिग्ध लोगो की चेकिंग की जा रही थी । चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति मिला, जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम गुलाम मुस्तफा रजा उर्फ कर्री निवासी हाटकचोरा का होना बताया, जिसके बैग से 100 नग अवैध नशीली सीरप दवाई रिलेक्सकॉफ सीरप मिला। जो अवैध एवं प्रतिबंधित नशीली दवा की श्रेणी में आता है। जिस संबंध में पूछताछ करने पर संदेही के द्वारा वैधानिक प्रत्युत्तर प्रस्तुत नही किया गया।

आरोपी का उक्त कृत्य एन.डी.पी.एस. एक्ट की परिधि में आने पर उक्त 100 नग रिलेक्सकॉफ सीरप, प्रत्येक में 100. एमएल. आरोपी के कब्जे से बरामद कर जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना बोधघाट में धारा 21 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया । मामले में आरोपी के कब्जे से 100 नग नशीली सीरप, एक नग मोबाईल व नगद 2300/- बरामद कर जप्त किया गया है । आरोपी को मामलें में गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना पेश किया गया । जप्तशुदा सीरप अनुमानित कीमत 16,000/- रूपये आंकी गई है।

आज़ादी के 75वें अमृत महोत्सव में 30 बीएसएफ जवानों ने किया रक्तदान

कांकेर/नवप्रदेश। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में कुलदीप सिंह, कमांडेण्ट 11 वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के संरक्षण में एवं बीएसएफ के चिकित्साधिकारी डॉ इरशाद शेख व डॉ सुभांशू गुप्ता, पैथांलॉजिस्ट, अन्य स्टाफ जिला अस्पताल नारायणपुर के सहयोग से 11वीं बीएसएफ बीएन यूनिट में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बीएसएफ के अधीनस्थ अधिकारी व जवानों ने रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया एवं रक्तदान शिविर में बीएसएफ के 37 जवानों नें रक्तदान किया। जिसकों जिला चिकित्सालय नारायणपुर के बल्ड बैंक में जरूतमदों की मदद के लिए रखा जायेगा। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना इंदिरा गांधी महाविद्यालय एंव जिला अस्पताल नारायणपुर का भरपूर सहयोग रहा। इस दौरान कमांडेण्ट महोदय ने बताया कि यह रक्तदान शिविर का आयोजन आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है जिससे कि आम जनमानुस को हमारे देश को आजाद कराने में बीर सपुतों ने अपनी जान की आहूती दी अतः उन वीरों को याद हमेशा याद रखना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि बीएसएफ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अपने जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हुए यहाँ पर रहने वाले ग्रामवासियों को न केवल सुरक्षा प्रदान करती है।अपितु उनके कल्याण के लिए अनेकों सामुदायिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन भी समय समय पर करती है, इसी कड़ी के तहत 11 वाहिनी सीमा सुरक्षा बल ने अभी हाल ही में विभिन्न गांवो में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत निशुल्क मेडिकल कैंपों का आयोजन भी किया था।जिसमें स्थानीय लोगों को चिकित्सा प्रदान की गई व निशुल्क दवाईयां वितरण की गई थीं।

मनरेगा अधिकारी-कर्मचारी व रोजगार सहायक अनिश्चित कालीन हड़ताल पर

बीजापुर/नवप्रदेश। छग राज्य के समस्त 28 जिलों के तभी मनरेगा कर्मी अधिकारी/कर्मचारी/ग्राम रोजगार सहायक अनिश्चित कालीन हड़ताल/धरना प्रदर्शन में जा रहे हैं, जिसकी सूचना राज्य कार्यालय को संदर्भित पत्र के माध्यम से दिया जा चुका है। तदसंबंध में मनरेगा योजना के तहत कार्यरत मनरेगा कर्मियों अधिकारी/कर्मचारी/ग्राम रोजगार सहायकों की 02 सूत्रीय मांग इस प्रकार है। रोजगार सहायकों की 02 सूत्रीय मांग इस प्रकार है। चुनावी जन घोषणा पत्र को आत्मसात करते हुए समस्त मनरेगा कर्मियों का नियमितीकरण किया जावे। नियमितीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने तक ग्राम रोजगार सहायकों का वेतनमान निर्धारण करते हुए समस्त मनरेगा कर्मियों पर सिविल सेवा नियम 1965 के साथ पंचायत कर्मी नियमावली लागू किया जाये।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

आत्मानंद स्कूलों के सूचना पट...

लिखकर आगाह कर दिया कि अपने-अपने सूचना पटल पर यह अंकित कर दिया जाए कि कोई भी पालक कहीं से भी स्कूल सामग्री खरीद सकता है।

गौरतलब है कि कोरोना की महामारी के बाद नए सत्र में स्कूल प्रारंभ होने के साथ ही कुछ निजी स्कूलों द्वारा अत्यधिक मात्रा में फीस बढ़ा दी गई थी जिसके चलते पालको के बीच भारी तनाव की स्थिति पनप रही थी इस मसले को लेकर कुछ जागरूक लोगों ने सीधे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से शिकायत की जिसके उपरांत भूपेश बघेल ने निजी स्कूलों पर नकेल कसने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। अधिकारियों द्वारा कड़ा रुख अख्तियार किए जाने के बाद निजी स्कूल संचालकों के बीच धड़कन की स्थिति बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को सामने लाने तथा गरीब परिवार के बच्चों को भी उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा आत्मानंद स्कूल प्रारंभ करने के साथ ही इंग्लिश के विद्वानों की नियुक्ति की गई ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का भी शैक्षणिक स्तर ऊंचा उठ सके परंतु इस बीच यदा-कदा इस बात को लेकर भी चर्चा होती रही कि कुछ स्कूलों में शिक्षकों द्वारा अपने निजी लाभ के लिए बच्चों को चिन्हित दुकानों से ही सामग्री खरीदने के लिए निर्देशित किया जा रहा है इस मामले की जानकारी लगते ही प्रदेश के मुखिया ने स्पष्ट तौर पर चेतावनी देते हुए कहां की प्रदेश भर में शिक्षा के नाम पर किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तो वही शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव ने भी समस्त आत्मानंद स्कूलों के प्राचार्य को पत्र लिखकर निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने सूचना पटल पर सूचना अंकित करेंगी कि आत्मानंद स्कूल में पढ़ने वाले सभी छात्र अपने मन मुताबिक किसी भी दुकान से यूनिफॉर्म अथवा शैक्षणिक संबंधित अन्य सामग्री खरीद सकते हैं आत्मानंद स्कूल के सूचना पटल पर सूचना अंकित होने के बाद अनेकों प्राइवेट स्कूल के संचालकों के बीच हड़कंप की स्थिति बन गई है तो वह प्रदेश के मुखिया के तेवर को देखते हुए राज्य भर के जिला शिक्षा अधिकारी निजी स्कूलों की भर्राशाही रोकने के लिए अपने-अपने स्तर पर टीम गठित करने के साथ ही स्कूलों की जांच करवा रहे हैं।

रूस से रक्षा खरीद...

रूसी सैन्य उपकरणों पर भारत की निर्भरता पर अमेरिका ने चिंता जाहिर की है। इस बीच नई दिल्ली ने स्पष्ट कर दिया है कि वह सस्ता रूसी तेल खरीदना जारी रखेगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने सोमवार को कहा कि अमेरिका का मानना है कि रूस से ऊर्जा आयात और अन्य वस्तुओं को बढ़ाना भारत के हित में नहीं है।

रूस-यूक्रेन युद्ध पर ...

स्थापना दिवस तीन कारणों से बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। पहला हम स्वतंत्रता के 75 वर्ष मना रहे हैं। यह प्रेरणा का एक प्रमुख अवसर है। दूसरा, तेजी से बदलती वैश्विक स्थिति। भारत के लिए लगातार नए अवसर सामने आ रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, यह भारत की आजादी के 75वें वर्ष का अमृतकल है। इसलिए हमें स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पैमाने पर ले जाने और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। इस दिशा में काम करते हुए भाजपा अपने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के आदर्श वाक्य को लगातार मजबूत कर रही है।

पीएम मोदी ने ...

ने ऐसी राजनीति का सफलतापूर्वक मुकाबला किया है। उन्होंने कहा, भाजपा लगातार गरीबों, दलितों और देश की महिलाओं के कल्याण के लिए काम कर रही है।

महंगाई के मुद्दे पर ...

दिया था। सदस्यों को इस मामले में हंगामा नहीं करना चाहिए और सदन की कार्यवाही में सकारात्मक सहयोग करना चाहिए।

बिहार में खत्म होगा...

स्पिरिट्स एंड वाइन एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा दायर एक याचिका भी शामिल है।

पीठ ने कहा था कि सभी याचिकाओं में मुद्दा कानून की वैधता से संबंधित है। अदालत ने राज्य सरकार से कहा है कि वह तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करे।

सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाईकोर्ट के आदेश को दी थी मंजूरी

इससे पहले 27 जनवरी को, मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना की अध्यक्षता वाली एक अन्य पीठ ने बिहार सरकार की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था। पीठ ने कहा था कि उसने 11 जनवरी को राज्य शराब कानून के प्रावधान की वैधता पर कोई टिप्पणी नहीं की थी, जिसमें अग्रिम जमानत देने को प्रतिबंधित किया गया है।

कर्नाटक हिजाब विवाद...

पर 'अल्लाह हू अकबर' के नारे लगाने लगती है। रिपोर्ट के मुताबिक, अल कायदा ने 'भारत की महान महिला' नाम के टाइटल से वीडियो शेयर किया। वीडियो में जवाहिरी उस कविता को पढ़ते दिख रहा है जो उसने मुस्कान खान की प्रशंसा में लिखी है।

जेहादी आतंकी ने कहा कि उसे वीडियो और सोशल मीडिया से मुस्कान खान के बारे में पता चला और वह 'एक बहन' के कृत्य और 'तकबीर के चिल्लाने' से इतना प्रभावित हुआ कि उसने उसकी प्रशंसा में एक कविता लिखने का फैसला किया।

परिवारवादी राजनीति...

डबल इंजन सरकार लौटी है।

श्री मोदी ने कहा कि इस बार का भाजपा स्थापना दिवस तीन कारणों से अहम है। पहला कारण इस समय हम देश की आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। दूसरा कारण तेजी से बदलती हुई वैश्विक परिस्थितियां भी हैं। तीसरा भारत के लिए नए अवसर लगातार आ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार का प्रयासभेदभाव की सारी गुंजाइश को खत्म करना, तुष्टिकरण की आशंकाओं को समाप्त करना, स्वार्थ के आधार पर लाभ पहुंचाने की प्रवृत्ति को खत्म करना और समाज की आखिरी पंक्ति में खड़े आखिरी व्यक्ति तक सरकारी लाभ पहुंचे, ये सुनिश्चित करना है। श्री मोदी ने कहा कि वैश्विक दृष्टिकोण से देखें या राष्ट्रीय दृष्टिकोण से, भाजपा और इसके प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व लगातार बढ़ रहा है।

पीएम मोदी से शरद पवार...

कुछ ऐसे मुद्दे होते हैं जिनके बारे में संसद के सत्र के दौरान ही बात होती है। बता दें कि शिवसेना और एनसीपी नेताओं का आरोप है कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का इस्तेमाल उनके खिलाफ कर रही है। आज सुबह ही सीबीआई ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को हिरासत में ले लिया। वह शरद पवार की पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं।

बालिकाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़कर देश का नाम रौशन कर रही : हेमनारायण

■ धनेली कन्हार में 40 बच्चों को मिला सरस्वती योजना में सायकल

कांकेर/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनेलीकन्हार में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत विद्यालय की 40 बालिकाओं को अतिथियो के द्वारा साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम संचालक व्याख्याता ओम प्रकाश सेन ने बताया कि सत्र 2020 -21 और 2021-22 में विद्यालय को आवंटित 40 बालिकाओं को सरस्वती साइकिल योजना का लाभ मिला। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती मां के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष शिक्षा समिति हेमनारायण गजबल्ला के मुख्य आतिथ्य विशिष्ट अतिथि राम नेताम जनपद सदस्य, सरपंच वीरेंद्र मारगिया, कमोद हिरवानी अध्यक्ष प्रबंध समिति के गरिमामयी उपस्थिति में शासन की सरस्वती साइकिल योजना के तहत 40 बालिकाओं को साइकल प्रदान किया गया। अतिथि हेमनारायण गजबल्ला ने बच्चों से कहा कि बालिकाएं विकास के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं उनके प्रोत्साहन के लिए शासन के द्वारा अनेक योजनाएं संचालित है जिनमें यह सरस्वती साइकिल योजना बालिका शिक्षा के लिए दूरगामी परिणाम है ।बालिकाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़कर देश और दुनिया में नाम रौशन कर रही है। एक लक्ष्य के साथ सतत प्रयास करे सफलता अवश्य मिलेगी। ग्राम सरपंच वीरेंद्र मारगिया ने कहा की विद्यालय में अनेक ज्ञानवर्धक पुस्तकें आपके लाइब्रेरी में हैं जिनका अध्ययन कर आप अपने उद्देश्य को प्राप्त करते रहे। कार्यक्रम की अध्यक्ष प्राचार्य ममता गोस्वामी ने कहा कि हर क्षेत्र में नेतृत्व कर्ता के रूप में महिलाएं आगे हैं देश और समाज के बड़े पदों पर नेतृत्व करते हुए देश को विश्व पटल पर अग्रणी रखने मे अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

आने वाले भविष्य में आप सभी मेहनत कर उच्च पदों पर जाएं और विद्यालय का नाम गौरवान्वित करें। कार्यक्रम में अतिथियों के समक्ष विद्यालय की विभिन्न आवश्यकताओं की जानकारी प्रस्तुत कर संसाधन उपलब्ध कराने आग्रह किया गया जिस पर अतिथि हेमनारायण गजबल्ला ने विद्यालय को वाटर कूलर प्रदान करने घोषणा की। विद्यालय में संचालित मुस्कान लाइब्रेरी के विस्तार और बड़े पैमाने पर सुसज्जित कर स्थापित करने मंशा व्यक्त किए। बच्चों के सर्वांगीण विकास में सतत विद्यालय के प्रति सहयोगात्मक भूमिका में रहने की बाते कही। अतिथियों ने बच्चों को साइकिल वितरण करते हुए चाबी प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के बाद अतिथियों ने मुस्कान लाइब्रेरी का अवलोकन किया। आयोजन को सफल बनाने व्याख्याता जानकी नेताम, शर्मिला भट्ट, हुमेश्वरी खरे, रामभरोस कुंजाम, अंजोरी सलाम, ओमप्रकाश सेन, आकांक्षा पचबीए , किरण माने,प्रधानाध्यापक सियाराम धनकर कृष्ण कुमार परिहार, अशोक बंजारा, लक्ष्मी जैन ,घनश्याम पटेल, प्रियंका ठाकुर, यूके सार्वा, रुखमणी आर्य,प्रबंध समिति के सदस्य देवेंद्र साहू ,व्यास साहू कक्षा नौवीं के छात्र छात्राएं उनके पालक गण और ब्लॉक कांग्रेस के सदस्य उपस्थित रहे।

न्यायालय तहसीलदार, गीदम जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./202109160100010
अ-21/2020-2021 ग्राम- कारली

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती हिरमदई पति सुखमन उम्र 56 वर्ष जाति तेलंगा मोबाईल नंबर 6264420433 आधार कार्ड नंबर 618071030121 निवासी ग्राम कारली तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के द्वारा ग्राम करली प.ह.नं. 09 में स्थित शासन से व्यवस्थापन से प्राप्त भूमि खसरा नं. 3057/3 रकबा 0.3400 हे. को दानग्रहिता श्री मोती लाल नाग पिता श्रीराम उम्र 26 वर्ष जाति हल्बा मोबाईल नंबर 7587234716 आधार कार्डनंबर 907736917177 निवासी ग्राम चितालंका तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा को भूमि दान करने की अनुमति प्राप्त करना चाहते हैं।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से न्यायालय में पेशी दिनांक 14/04/2022 तक अपना दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा या आपत्ति पर इस न्यायालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31/03/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

सील — तहसीलदार गीदम

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी केशकाल जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202204201000002
बी-121/2021-22

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नवीन कुमार पिता दयलुराम जाति गोंड़ निवासी तुतारी तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव द्वारा प्रस्तुत आवेदन में अपने पिता दयलुराम पिता बल्लेराम का मृत्यु तिथि 08/10/2013 को निवास स्थान ग्राम तुतारी ग्राम पंचायत बंधापारा में हुआ है। आवेदक मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से आगामी पेशी दिनांक 20/04/2022 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06/04/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी केशकाल, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार, गीदम जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./202109160100011
अ-21/2020-2021 ग्राम- कारली

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती हिरमदई पति सुखमन उम्र 56 वर्ष जाति तेलंगा मोबाईल नंबर 6264420433 आधार कार्ड नंबर 618071030121 निवासी ग्राम कारली तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के द्वारा ग्राम कारली प.ह.नं. 09 में स्थित शासन से व्यवस्थापन में प्राप्त भूमि खसरा नं. 3055/1 रकबा 0.1900 हे. को क्रेता श्रीमती कमला नाग पति लुदरू राम नाग उम्र 43 वर्ष जाति हल्बा मोबाईल नंबर 6264420433 आधार कार्ड नंबर 721761141694 निवासी ग्राम हीरानार तहसील गीदम जिला दक्षिण दंतेवाड़ा को भूमि विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करना चाहते हैं।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से न्यायालय में पेशी दिनांक 14/04/2022 तक अपना दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा या आपत्ति पर इस न्यायालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/03/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

सील — तहसीलदार गीदम

न्यायालय तहसीलदार, गीदम जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./202109160100018
अ-21/2020-2021 ग्राम- कारली

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुखलाल पिता अनंतराम उम्र 54 वर्ष तेलंगा मोबाईल नंबर 8770514564 आधार कार्ड नंबर 616641209350 निवासी ग्राम कारली तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के द्वारा ग्राम कारली प.ह.नं. 09 में स्थित शासन से व्यवस्थापन में प्राप्त भूमि खसरा नं. 3054/3 रकबा 0.040 हे. को क्रेता श्री जगन्नाथ वैद्य पिता चैतराम वैद्य उम्र 35 वर्ष जाति कलार मोबाईल नंबर 8770514564 आधार कार्ड नंबर 502847781898 निवासी ग्राम चितालंका तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा को भूमि विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करना चाहते हैं।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से न्यायालय में पेशी दिनांक 14/04/2022 तक अपना दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा या आपत्ति पर इस न्यायालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/03/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

सील — तहसीलदार गीदम

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

ऑनलाइन ठगी करने वाला आरोपी झारखंड में पकड़ाया

1 लाख 97 हजार की थी धोखाधड़ी

भाटापारा/नवप्रदेश। शहर पुलिस ने ऑन लाइन ठगी करने के 2 साल पुराने मामले में झारखंड के एक युवक को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है, आरोपी ने पीड़िता से एक एप्प डाऊनलोड करा कर लगभग 2 लाख से कम की राशि उसके खाते से आहरित की थी।

उपरोक्त संबंध में शहर थाना प्रभारी महेश ध्रुव ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देश पर आनलाईन ठगी/धोखाधडी के मामले में थाना भाटापारा शहर, भटगांव एवं सिमगा पुलिस की एक संयुक्त टीम गठित कर जामताड़ा झारखंड रवाना किया गया, जो थाना भाटापारा शहर के अपराध क्र. 328/2020 धारा 420 भादवि 67डी आईटी एक्ट के आरोपी सलमुददीन अंसारी पिता मोकारिम मिया उम्र 32 साल साकिन निवासी तेतरिया डंगाल थाना मसलिया जिला दुमका झारखण्ड से गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

टी आई महेश धुव ने बताया कि 8 अगस्त 2020 को आरोपी मोबाईल नंबर 1800412102 8, 8582907100 एवं 9661491473 के धारक द्वारा मोबाईल फोन के माध्यम से पीड़िता को लिये हुए रूपये वापस करने के लिए झासा देकर 'एटीएम नंबर बताने के लिए बोला और एक एप डाउनलोड' करने के लिए बोला। प्रार्थिया से एप डाउनलोड करवाकर, 09 डिजिट का नंबर पूछकर, एटीएम कार्ड के आगे पीछे का फोटो मंगवाकर और एटीएम कार्ड का स्केन करवाकर 'अलग-अलग किस्तों में लगभग 1,97,000 रूपये को पीड़िता के खाते से आनलाईन आहरण विभिन्न लोगों के फर्जी खाता में जमा करवाकर धोखाधड़ी' किया था। पुलिस टीम ने सायबर सेल बलौदा बाजार की सहायता से ग्राम बडा डुमरी पोस्ट दुबराजपुर थाना मसलिया जिला दुमका झारखण्ड को होना पाया गया। उसके आधार पर मोबाईल के धारक के 'आरोपी सलमुददीन अंसारी को तेतरिया डंगाल थाना मसलिया जिला दुमका झारखण्ड से गिर. किया गया' जिसके बताये स्थान से घटना मे प्रयुक्त मोबाईल को बरामद कर कब्जा पुलिस मे लिया गया साथ ही प्रकरण में ठगी कि खाता ट्रांजैक्शन के संबंध में जांच की जा रही है। उक्त कार्यवाही मे उपनिरीक्षक यशवंत प्रताप सिंह प्रआर नरेन्द्र निषाद आरक्षक, विकाश पाण्डेय, सत्यदेव बंजारे, सायबर सेल उपनिरी उमेश वर्मा, आरक्षक कुमार जायसवाल और टीम बलौदाबाजार का विशेष योगदान रहा।

न्यूरोपैथी का शिविर लगा पहली बार, नसों में दर्द की जांच

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर में मारवाड़ी युवा मंच ग्रैंन सिटी द्वारा निशुल्क न्यूरोपैथी शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुंबई की अत्याधुनिक मशीन से नसों में दर्द समस्या से ग्रस्त लोगों की जांच की गई। यह शिविर शारदा हॉस्पिटल सदर बाजार में लगाया गया जिसमें सैकड़ों लोग जो नसों के दर्द की समस्या से जूझ रहे थे उन्होंने अपना पंजीयन कराया और अपने नसों की जांच करवाई। इस शिविर में मुख्य रूप से फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर सुधाकर शर्मा, आयुर्वेदिक उपचार मोटापा विशेषज्ञ डॉ रोमा शर्मा, डॉक्टर ओपी शर्मा मौजूद रहे। निशुल्क न्यूरोपैथी शिविर आयोजन कर्ता मारवाड़ी युवा मंच के सदस्य प्रशांत गांधी ,सुधीर अग्रवाल, अभिषेक टाटिया भी मौजूद रहे इस शिविर में खासकर नसों में जलन, चुभन, सुन्नपन, छूने पर दर्द, मांसपेशियों की कमजोरी वाले लगभग 120 मरीजों की जाँच और इलाज किया गया।

शराब कोचिया गिरफ्तार, 40 पाव शराब जब्त

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्रामीण थाना पुलिस ने अर्जुनी रोड पर एक शराब कोचिया को पकड़कर उसके कब्जे से 40 पाव शराब जब्त किया है। ग्रामीण थाना प्रभारी रोशन सिंह राजपूत ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर सोमवार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम अर्जुनी नर्सरी के पास रेड कार्यवाही कर आरोपी हरीश साहू निवासी ग्राम अर्जुनी थाना भाटापारा ग्रामीण के कब्जे से अवैध रूप से बिक्री हेतु रखें 40 पव्वा देसी मसाला शराब जप्त कर 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

जिला स्तरीय रामायण प्रतियोगिता के लिए निर्णायक मंडल का गठन

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिला मुख्यालय गरियाबंद में 06 अप्रैल को आयोजित रामायण मंडली प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु निर्णायक मंडल का गठन किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार निर्णायक मंडल में जोहतराम यादव प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कसाबाय को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं सुरेश कुमार ध्रुव व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल चिखली सदस्य सचिव होंगे। इसी प्रकार श्रीमती पुष्पांजली सिन्हा व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नहरगांव, द्वारिकानाथ उच्च श्रेणी शिक्षक माध्यमिक शाला सढ़ौली और मदन सेन उच्च श्रेणी शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छुरा को निर्णायक मंडल के सदस्य बनाये गये है। उक्त निर्णायक मंडल प्रतियोगिता में शामिल दलों के द्वारा प्रस्तुत विषय वस्तु, संगीत, वाद्ययंत्र, वेशभूषा एवं गायनशैली का सुक्ष्म आंकलन कर परिणाम से नोडल अधिकारी को अवगत करायेंगे।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) नम्रता गांधी ने छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के वैधानिक प्रावधानों के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में 01 जनवरी 2022 के संदर्भ की तारीख पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु विकासखंडवार रजिस्ट्रीकरण/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कृत्यों को सम्पादन करने के लिए अधिकारी नियुक्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड गरियाबंद हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गरियाबंद रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा तहसीलदार गरियाबंद सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होंगे। विकासखंड छुरा हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व छुरा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा प्रभारी तहसीलदार छुरा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होंगे। विकासखंड फिंगेश्वर हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजिम रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा प्रभारी तहसीलदार राजिम सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होंगे। विकासखंड मैनपुर हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मैनपुर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा तहसीलदार मैनपुर सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होंगे। इसी प्रकार विकासखंड देवभोग हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व देवभोग रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा प्रभारी तहसीलदार देवभोग सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होंगे। अपर कलेक्टर गरियाबंद अपीलीय प्राधिकारी के कृत्यों का सम्पादन करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार उक्त अधिकारी पंचायत उप निर्वाचन 2022 हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने संबंधी राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही की गई कार्यवाही से जिला निर्वाचन कार्यालय को अवगत करायेंगे।

पापों के शमन व पुण्य के उदय से कथा श्रवण का मिलता है सुअवसर : शिव विलास

बेमेतरा/नवप्रदेश। श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन ग्राम गोपाल भैना तहसील नवागढ़ जिला बेमेतरा में स्वर्गीय श्री सालिक राम साहू एवं स्वर्गीय श्रीमती मालती साहू के वार्षिक श्राद्ध की स्मृति में 2 से 10 अप्रैल तक किया गया है। भगवत कथा प्रेमी श्रद्धालुओं के लिए कथा व्यास पंडित शिव विलास शर्मा ग्राम बिपतरा जिला कवर्धा द्वारा सुंदर संगीतमय भगवत कथा अमृत का निरंतर रसपान कराया जा रहा हैं। जिसमें गांव के साथ साथ दूरस्थ अंचलों से कथा श्रवण करने भक्त जन पहुंच रहे हैं। तृतीय दिवस के कथा अंतर्गत सृष्टि की उत्पत्ति /वर्णन, बासंती नवरात्र पर्व पर मां अंबे की आराधना की दिव्य कथा, भक्त ध्रुव चरित्र इत्यादि पर सुंदर व्याख्यान दिए गए। उन्होंने कहा कि जब जीव के अनेक जन्म जन्मांतर के पापों का शमन और पुण्य का उदय होता है, तब ही जीव को यह दिव्य कथा श्रवण करने का सुअवसर प्राप्त होता हैं, अतः इसका लाभ अवश्य उठाना चाहिए। यह दिव्य कथा मृत्यु लोक में ही जीव को सुलभ है, अन्य लोकों में नहीं, अतः अमूल्य कथा है। हम जीव का अंतिम लक्ष्य भगवत प्राप्ति ही है जिसे प्राप्त करने के लिए कलिकाल में भक्त ध्रुव जैसे कठिन जप, तप, आराधना इत्यादि जैसे साधन करना बहुत मुश्किल है, कठिन हैं। ऐसे समय में इस दिव्य, दुर्लभ, मोक्षदायिनी कथा का श्रद्धा पूर्वक श्रवणपान करने से जीव का उद्धार हो जाता है। आयोजक श्रवण कुमार, कुमार साहू, सिलोचन साहू के परिवार द्वारा यह विनम्र अपील है कि अपने अमूल्य मानव जीवन को इस कथामृत को श्रवणपान कर सफल बनाएं।

भारतीय किसान संघ बोड़ला ने कुसुमघटा में किया बैठक

बोड़ला/नवप्रदेश। भारतीय किसान संघ बोड़ला इकाई के द्वारा 14 अप्रैल 2022 दिन गुरुवार को 10 सूत्रीय मांगो के लिए आयोजित होने वाले प्रदर्शन और घेराव को लेकर प्रचार प्रसार की कार्ययोजना तैयार करने ग्राम कुसुमघटा में बैठक किया गया। बैठक में ब्लॉक के 60 गांव में बैठक लेकर विषय को किसानों तक पहुंचाने निर्णय लिया गया जिसके लिए 4 टीम गठित किया गया जिसमे चारो टीम को 15-15 गांव तक पहुंचकर ग्राम समिति गठित करने का जिम्मेदारी दिया गया। बैठक में पदाधिकारियों ने चर्चा करते हुए कहा कि बोड़ला ब्लॉक से पांच हजार से अधिक किसान इस प्रदर्शन में शामिल होने का लक्ष्य बनाया गया है जिस पर ब्लॉक के पदाधिकारी तन मन लगाकर कार्य करने को संकल्पित है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी,सह मंत्री जयचंद वर्मा,गन्ना मंत्री इंद्रकुमार वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष उमेश वर्मा उपाध्यक्ष राजाराम वर्मा मंत्री समरू, साहू किरण वर्मा,मोहन वर्मा विनोद वर्मा, दिलीप चंद्रवंशी एवम किसान भाई उपस्थित रहें।

बुरी संगति से होता है मनुष्य का पतन : शर्मा

खरोरा/नवप्रदेश। ग्राम तुलसी में आयोजित भागवत कथा के दूसरे दिन सोमवार को भागवत मर्मज्ञ आचार्य पंडित नंदकुमार जी शर्मा, निनवा वाले ने कहा कि चारों युगों में कलियुग सर्वश्रेष्ठ है। इस युग में भगवान का नाम लेने से ही भवसागर से मुक्ति मिलती है। लोगों की यह धारणा गलत है कि समय खराब है या यह खराब युग चल रहा है, जबकि वास्तविकता ऐसी नहीं है। वास्तव में हमें अपना चिंतन बदलने की आवश्यकता है। हमें अपनी अनुभूति को बदलना होगा। युग और समय तो अच्छा ही रहता है। अच्छे अनुभूति से अच्छे कार्य होते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य का शरीर दुर्लभ है। इसके समान किसी अन्य प्राणी का शरीर नहीं है। मनुष्य शरीर श्रेष्ठतम है और जब तक हमारे शरीर में कोई रोग नहीं आता तब तक हम शरीर का महत्व नहीं समझते। निस्वार्थ प्रेम से प्रगाढ़ता बढ़ती है। स्वार्थ का प्रेम अधिक दिनों तक नहीं टिकता। इसी तरह भगवान की आराधना हमें निस्वार्थ भाव से करनी चाहिए। इससे ज्यादा फल मिलता है। स्वार्थ रखकर भगवान का पूजन करने से स्वार्थ सिद्धि नहीं होती। उन्होंने कहा कि लोग यदि अपने आप में सुधार लाएंगे तो पूरा समाज और पूरा देश सुधर जाएगा। आज के दौर में लोग स्वयं गलत काम करते हैं और दूसरे से सुधारने की उम्मीद रखते हैं। ऐसे में समाज सुधार संभव नहीं है। आगे आचार्य जी ने कहा कि जीवन मे कभी भी दूसरे की निंदा नहीं करनी चाहिए. दूसरों की निंदा करने से दूसरों का नहीं बल्कि खुद का ही नुकसान होता है। निंदा से ही मनुष्य की बर्बादी की शुरुआत होती है। ऐसे व्यक्ति अन्य लोगों के सामने किसी को बुरा साबित करने के लिए चोरी, हिंसा जैसे काम करने में भी नहीं कतराते। निंदा और किसी का अपमान करने से आप पाप के भागीदार बन जाते है। निंदा मतलब दूसरों के कामों में दोष ढूंढ़ना। दूसरों की बुराई करना आजक्कल कई लोगों की आदत बन चुकी है। हर मनुष्य दूसरे में कोई न कोई दोष ढूंढ़ता ही रहता है। इनको करने वाला इंसान अक्सर अपने मूल काम को भूल जाता है और बाकी लोगों से पीछे रह जाता है। अगर आप चाहते है कि अपनी जिंदगी में हर सफलता को हासिल करें तो दूसरे की बुराई निंदा करने से बचना. उन्होंने कहा कि मनुष्य को दूसरे की निंदा और बुरी संगति से हमेशा दूर रहना चाहिए. क्योंकि बुरी संगति से भी मानव जीवन पतन की ओर चली जाती है. संगति से मनुष्य जहां महान बनता है, वहीं बुरी संगति उसका पतन भी करती है।आचार्य ने कहा कि हो सकता है कि चोरी-बेईमानी आदि करके वह धन कमा ले, कुछ समय के लिए पद-प्रतिष्ठा अर्जित कर ले, लेकिन उसका अंत बुरा ही होता है। सत्संगति का, अच्छे विचारों का बीज बच्चे के मन में बचपन में ही बो देना चाहिए। जहां अच्छी संगति व्यक्ति को कुछ नया करते रहने की समय-समय पर प्रेरणा देती है, वहीं बुरी संगति से व्यक्ति गहरे अंधकूप में गिर जाता है। अच्छी संगति व्यक्ति का मन व चित्त निर्मल करती है. आचार्य जी ने ध्रुव चरित्र मे बताया कि ध्रुव को बचपन से अच्छे संस्कार और अच्छी संगति मिला जिनके कारण 5 वर्ष की आयु मे ध्रुव जी भगवान का सानिध्य प्राप्त कर लिया. और अंत समय मे ध्रुव लोक के मालिक बन गए. आचार्य जी ने कहा संसार में जब कोई बुरे कर्म करने वाले मनुष्य की मृत्यु होती है, तो उसकी दुर्गति उसके मरने के बाद भी होती है। क्योंकि उसके जाने के बाद भी लोग उसकी बुराई करते हैं। इसलिए व्यक्ति को सदैव जीवन में अच्छे और दूसरों की भलाई वाले काम करना चाहिए। ऐसा करने से जीवन में सुख और शांति मिलती है। इस अमूल्य जीवन को भगवान की भक्ति से सार्थक करें। आज भागवत कथा मे पूर्व विधायक श्री देव जी भाई पटेल, अनिल नायक जी, कृष्ण कुमार वर्मा, दौलत राम वर्मा उपस्थित होकर महराज श्री से आशिर्वाद प्राप्त किए. कथा सुनने श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है।

'मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता' पर एक दिवसीय सेमिनार

■ ग्लोबल हंट फाउंडेशन की प्रबंधक ने दी छात्राओं को जानकारी

कुम्हारी/नवप्रदेश। श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, कुम्हारी में मंगलवार को सेमिनार हॉल में ग्लोबल हंट फाउंडेशन के सहयोग से 'मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता' विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में मासिक धर्म चक्र, स्थानीय वर्जनाओं, स्वास्थ्य और स्वच्छता की स्थिति पर चर्चा की गई।

सेमिनार की शुरुआत सुबह 11 बजे से हुई। इस मौके पर ग्लोबल हंट फाउंडेशन की प्रबंधक महक कौशिक मौजूद रहीं। महक कौशिक ने अपने करियर की शुरुआत दिल्ली के सबसे बड़े कॉलोनी में 1500 बच्चों पर रिसर्च से किया था। ग्लोबल हंट फाउंडेशन में उन्होंने इस अनुभव का और विस्तार किया। जहां विविध सामाजिक स्तर की परियोजनाओं के माध्यम से लक्षित समुदाय के भीतर बदलाव की योजना बनाई।

इस सेमिनार में बातचीत के जरीय मासिक धर्म और स्वास्थ्य के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई. वही छात्राओं के लिए प्रश्नोत्तर सत्र भी रखा गया। सेमिनार से छात्राएं काफी प्रभावित हुई। उन्हें मासिक धर्म के समय की समस्याओं और सुरक्षा के बारे में जागरूक रहने सम्बन्धी बातें बताई गई। कार्यक्रम की संचालक संस्थान की प्राचार्य डॉ. अंशिता गुप्ता सोनी और समन्वयक नीलिमा जनार्दन रही। वही संस्थान के सभी विभाग के प्रमुख और शिक्षिकाएं भी उपस्थित रही। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉ. जे.के. उपाध्याय ने कार्यक्रम की सराहना की और कुम्हारी संस्थान निदेशक एम. के. श्रीवास्तव और सभी स्टाफ और छात्राओं को समाज में प्रचलित इस तरह की वर्जनाओं को तोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

ऊषा प्रस्तुत करते हैं 11वीं डीजीसी लेडीज ओपन अमेचर गोल्फर चैम्पियनशिप 2022

■ 5 से 7 अप्रैल, 2022 को 54-होल के इस टूर्नामेंट में 9 साल से लेकर 79 साल तक की 100 से ज्यापदा गोल्फर्स भाग लेंगी

रायपुर/नवप्रदेश। ऊषा द्वारा प्रस्तुीत डीजीसी लेडीज ओपन अमेचर गोल्फर चैम्पियनशिप 2022 के 11वें संस्करण की शुरूआत आज नई दिल्ली के केंद्र में स्थित हरे-भरे दिल्लीं गोल्फ्र क्लब में हुई। 9 साल से लेकर 79 साल तक की 100 से ज्यादा शौकिया महिला गोल्फर्स 5 से 7 अप्रैल तक खेले जा रहे 54-होल टूर्नामेंट में शीर्ष स्थातन पर आने के लिये मुकाबला करती नजर आयेंगी। हाल के वर्षों में शौकिया (अमेचर) गोल्फंकी लोकप्रियता काफी बढ़ी है और कई लोग इसमें अपनी पहचान बनाने के इच्छुेक हैं।

इस साल भूतपूर्व नेशनल चैम्पियन और अनुभवी शिराज़ सिंह और शालिनी मलिक इस टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं। डीजीसी और ऊषा का रिश्ता पुराना है, जिसने विगत समय में कई होनहार गोल्फ्र्स दिये हैं, इसमें गौरी मोंगा भी शामिल हैं, जोकि इस टूर्नामेंट में भाग लेने वालों का हौसला बढ़ाएंगी। गौरी इस चैम्पियनशिप की भूतपूर्व विजेता हैं और साथ ही उन्होंने 18 नेशनल टूर्नामेंट्स और 2011 श्रीलंकन ओपन जीते हैं। इसके अलावा उन्हें 2011-12 में वर्ल्ड नंबर 118 की रैंकिंग मिली थी। ऊषा को बड़ा गर्व है कि उसने ऐसे गोल्फिंग प्लोटफॉर्म्स को सहयोग दिया है, जिन्होंने कई जूनियर्स और चैम्पियंस को रास्ता दिखाया है, जैसे गुरबानी सिंह, मिली सरोहा, रिद्धिमा दिलावरी, सेहर अटवाल, मेहर अटवाल, गौरी मोंगा और सबसे हालिया नयनिका सांगा।

इस टूर्नामेंट के बारे में दिल्ली् गोल्फ क्लब की लेडी कैप्टान मोनिका टंडन ने कहा, दिल्ली् गोल्फ्स क्लसब में हम इस टूर्नामेंट को मिले बेहतरीन प्रतिसाद से काफी खुश हैं- 100 से ज्योदा खिलाड़ियों का होना इस खेल के प्रति बढ़ती लगन के बारे में काफी कुछ कहता है। ऊषा से मिले सहयोग के लिये हम उनके आभारी हैं।

ऊषा 30 साल से ज्यादा समय से दिल्ली् गोल्फ्स क्लक के गोल्फिंग इवेंट्स से जुड़ी रही है। ऊषा देशभर में समावेशी खेलों की पहलों की एक व्यायप श्रृंखला की सहयोगी और उन्हें बढ़ावा देने वाली है। यह पहले उभरते खिलाड़ियों को अपनी लगन पर चलने के लिये प्रोत्साहित और प्रेरित करती हैं। ऊषा की ऐसी पहलों में से कुछ हैं मुंबई इंडियंस टीम के साथ लंबे समय से भागीदारी, क्रिकेटर मिताली राज के साथ हालिया भागीदारी, दिव्यांगों के लिये क्रिकेट, कम सुविधा-प्राप्त लोगों के लिये अल्टिमेट फ्लाइंग डिस्कभ; मल्लदखम्बा, सियात खनाम और कलारी जैसे प्राचीन एवं देशज खेल, दृष्टिबाधितों के लिये खेल (एथलेटिक्स, कबड्डी, जूडो और पावर लिफ्टिंग)।

पैदल यात्रियों के लिए पुलिस द्वारा सुरक्षा व यातायात व्यवस्था सुदृढ़ की गई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। डोंगरगढ़ चैत्र नवरात्र मेले में पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा इस बार सुरक्षा व यातायात व्यवस्था का जिम्मा 1000 पुलिस जवानों को तैनात कर किया गया है। अलग-अलग राज्यों सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आ रहे है। मेले को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर राजनांदगांव पुलिस ने कड़े प्रबंध किए हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने के लिए राजनांदगांव यातायात पुलिस द्वारा पैदल यात्री श्रद्धालुओं के लिए अलग से पैदल मार्ग की व्यवस्था की गई है। दुर्ग बाईपास अंजोरा से डोंगरगढ़ तक पैदल यात्रियों के लिए रूट निर्धारण किया गया है। जगह-जगह पैदल यात्रियों के लिए मार्ग को चिन्हित किया गया है। सड़क पर ब्रेकर बनाकर और स्टापर लगाकर वाहनों को नियंत्रत करने का प्रबंध किया गया है। शासन-प्रशासन द्वारा रास्ते में श्रद्धालुओं के विश्राम एवं मेडिकल की व्यवस्था की गई है। डोंगरगढ़ जाने के लिए चारों दिशाओं से आने वाले मार्गो में स्टापर लगाया गया है। साथ ही पुलिस बल एवं यातायात बल तैनात किये गये हैं। मेला स्थल से अंजोरा बाईपास तक रोड पेट्रोलिंग व्यवस्था की गई है। डोंगरगढ़ में वन-वे की व्यवस्था के साथ-साथ अलग-अलग जगहों में पार्किंग की व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को सहूलियत हो। मेले में पॉइन्ट ड्यूटी के साथ गशत भी लगाई गई है। मंदिर में दर्शन के लिए महिलाओं और पुरूषों के लिए अलग-अलग कतार में जाने की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं से अपील है कि किसी भी लावारिस वस्तु को न छुएं, मेला क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्राली एवं भारी वाहनों पर पूर्णतयः प्रतिबंध रहेगा। दोपहिया वाहन पर ट्रिपल सवारी न बैठें और हेलमेट पहनकर ही सवारी करें। मेला में ज्यादा गहने पहनकर न जाये। वाहनों में ज्वेलरी एवं मूल्यवान वस्तु न रखें, मेला स्थल में किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर छीरपानी मेला पुलिस कन्ट्रोल रूम से संपर्क करें। साथ ही अन्यत्र कही दुर्घटना होने पर पास के थाने से संपर्क करें या डायल 112 से संपर्क करें अथवा पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को सूचना दें। राजनांदगांव पुलिस आपके साथ है। यातायात नियमों का पालन करें सावधनी ही सुरक्षा है।

चुनाव नजदीक आते ही पार्टियों ने झोंकी पूरी ताकत, दिग्गजों ने संभाली प्रचार की कमान

■ **सीएम भूपेश ने जनसभा को किया संबोधित, पत्रकारवार्ता में कौशिक ने आरोपों की लगाई बौछार**

खैरागढ़-छुईखदान/नवप्रदेश। जैसे जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है। राजनांदगांव जिले के खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में चुनावी तपिश जोर पकड़ने लगी है। विधानसभा उपचुनाव की शोर से छुईखदान, खैरागढ़ क्षेत्र के गांव मुहल्ले की गलियां गूंज रही है। मतदाताओं के चौखट पर प्रत्याशियों की चहल पहल काफी बढ़ गई है। चुनावी प्रचार प्रसार में महिलाएं भी अपनी भागीदारी खूब निभा रहे हैं। महिलाएं भी समूह बनाकर मतदाताओं के घरों में दस्तक दे रही हैं। महिला प्रत्याशी हो या प्रत्याशी के समर्थक महिला मतदाताओं को अपने चुनाव चिन्ह पर बटन दबाने की अपील कर रहे हैं। मतदाताओं को अपने पक्ष में रिझाने के लिए दिन रात एक कर दिए हैं। चुनाव में अब मात्र पांच दिन शेष बचे हैं। जिससे खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में सियासी सरगर्मी काफी तेज हो गई है। 12 अप्रैल को होने वाले चुनाव को लेकर प्रत्याशी जनसंपर्क कर बूथ मैनेजमेंट में जुट गए हैं। वहीं मतदान को लेकर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों का प्रचार-प्रसार अभियान भी जोरों पर है। प्रदेश की सत्ता पर आसीन कांग्रेस के लिए स्वयं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कमान संभाले हुए हैं। इसके अलावा कृषि मंत्री रविंद्र चौबे, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, आबकारी मंत्री कवासी लखमा समेत अन्य मंत्री व नेता लगातार आमसभा कर रहे तो दूसरी तरफ खैरागढ़ विधानसभा

उपचुनाव से सत्ता में वापसी के लिए लालायित भाजपा की ओर से केंद्रीय मंत्री व पार्टी के वरिष्ठ नेता अपने-अपने चुनावी अभियान को पुरी मुस्तैदी के साथ आगे बढ़ाने में दिन रात एक कर दिए है। कोई भी प्रत्याशी चुनाव जीतने के लिए कोई कोर कसर छोड़ना नहीं चाहते हैं। किसी की निगाहें विकास की बात पर तो कोई जातीय समीकरण पर नजर टिकाएं हुए हैं। चुनाव प्रचार के ऐसे कई रंग देखने को मिल रहा है। हर आने जाने वालों की पूछ भी इन दिनों बढ़ गई है। चाय पान की दुकानों में भीड़ बढ़नी शुरू हो गई है। गांवों में इस समय दुआ सलाम व प्रणाम के साथ हालचाल भी खूब पूछे जा रहे हैं। खैर जो भी हो, गांव की गलियां हो या चौपाल, चौक चौराहे हो या फिर हाट बाजार सबके सब चुनावी रंग में रंगने लगा है।

सीएम की चार सभाएं, भाजपा को घेरा

गंडई, बुंदेली, अतरिया व उदयपुर समेत सीएम भूपेश बघेल ने पांच जगहों पर जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि स्व अटल जी ने 11 लोकसभा सीट जिताओ तब छत्तीसगढ़ को अलग प्रदेश बनाऊंगा। सीएम ने कहा क्या ये सौदेबाजी नहीं थी? हम खैरागढ़ छुईखदान गंडई को जिला बना रहे है तो भाजपाईयों को तकलीफ क्यों हो रही है? जिला निर्माण सौदेबाजी नहीं, बल्कि खैरागढ़, छुईखदान गंडई की जरूरत है और जरूरत पूरा करना मेरा धर्म है।

सरकार पर पूर्व सीएम का हमला

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ . रमन सिंह ने बेरोजगार युवाओं के जरिए सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार ने युवाओं का मजाक बना दिया है। बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता 2500 रुपए देने का वायदा किया था, लेकिन साढ़े 3 साल बीत गए अब तक एक भी युवा को बेरोजगारी भत्ता नसीब नहीं हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री ने सरकार को सबक सिखाने युवाओं से अपील की। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के 101 युवाओं ने भाजपा प्रवेश किया।

27 प्रतिशत आरक्षण देने की बात कह कर लूटी वाहवाही

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने प्रेसवार्ता में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा कि सीएम भूपेश बघेल द्वारा ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की बात कहकर वाहवाही लूटी एवं अध्यादेश जारी कर दिया गया जो नियम विपरीत है। जबकि विधानसभा सत्र आरंभ होता है तो उसे विधानसभा के पटल पर रखा जाता है इन्होंने प्रक्रिया का पालन नहीं करते हुए पटक पर नहीं रखा। कुणाल शुक्ला द्वारा हाई कोर्ट में पिटीशन दायर किया कि ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण नहीं मिलना चाहिए। वहीं उन्होंने आरोप लगाया कि भूपेश सरकार द्वारा एक भी प्रतियोगी परीक्षा आयोजित नहीं की गई। 2019 में शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया आज तक पूरी नहीं हुई। चुनाव के पहले 36 बिन्दुओं का घोषणा पत्र जारी किया गया था अभी तक धरातल पर एक भी घोषणा पत्र पर अमूक काम नहीं हुआ। किसानों को न्याय योजना के तहत चौथी किश्त जारी की गई उसमें किसानों के साथ धोखा करने का आरोप लगाकर चौथी किश्त में अन्य तीन किश्तों की अपेक्षा 237 करोड़ रुपये कम डालने का गंभीर आरोप भी लगाया।

वनकर्मी हड़ताल में, जंगल हो रहे साफ, कई कीमती लकड़ियां पार

जंगल की अवैध लकड़ियों को ईंट भट्ठा में खपा रहे माफिया

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। 12 सूत्रीय मांगों को लेकर वन कर्मचारी पिछले कई दिनों से हड़ताल पर है। जंगलों की सुरक्षा अधर में है। सुरक्षा कम होने से कई लोग जंगलों के अंदर पेड़ काटकर लकड़ी की चोरी कर रहे हैं। ऐसे में जंगल पर खतरा मंडराने लगा है। वनकर्मियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर होने का फायदा तस्कर व लकड़ी चोर जमकर उठा रहे हैं। इन दिनों क्षेत्र के जंगलों के बीच जाकर लोग पेड़ काटकर लकड़ी की चोरी कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने वाले हड़ताल पर है, इससे जंगल से लगातार लकड़ी की चोरी हो रही है। वहीं वन्य प्राणियों पर भी खतरा मंडरा रहा है। इस क्षेत्र में वन्य प्राणियों के शिकार करने की घटनाएं भी सामने आती रही है। अंचल के वन परिक्षेत्रों में हरे भरे पेड़ों को काटा जा रहा है। कीमती छोटे पेड़ों की भी कटाई की जा रही है। ग्रामीण समेत वनांचल व अन्य क्षेत्र में भी लकड़ी की जमकर चोरी व अवैध कटाई हो रही है।

जंगल के अधिकतर लकड़ी खपा रहे टिंबर में

जंगली व मैदानी इलाकों के हरे भरे पेड़ो को माफिया टिंबर में खपा रहे है। क्षेत्र के किसानों से जानकारी मिली कि हमसे काम दामों में लेकर टिंबर में ले जाकर अधिक पैसे में बेच रहे है। बताया जाता है कि अधिकतर लकड़ी माफिया कुम्हारी क्षेत्र के है। जानकारी यह भी मिली कि माफियाओं के द्वारा यह कारोबार लंबे समय से चल रहा है और इस पर आज तक एक भी कार्यवाही नहीं हुई है। लकड़ी माफिया कार्यवाही के डर से रात में लकड़ी परिवहन करना ज्यादा सुरक्षित मानते है। इससे कार्यवाही क डर नहीं रहता। क्षेत्र के अधिकारियों को कई दफा शिकायत करने के बाद भी आज तक एक भी कार्यवाही नहीं हुई है इससे संबंधित अधिकारियों पर सवालिया निशान लगने लगा है।

ईंट भट्ठे में खपा रहे लकड़ी : दर्जनों की संख्या में अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठी में वनांचल के जंगलों व मैदानी क्षेत्र से काटी गई हरी-भरी लकड़ियों को खपाया जा रहा है। लकड़ियों का खुलेआम परिवहन भी किया जा रहा है। ठेकेदारों पर वन विभाग एवं राजस्व विभाग के जिम्मेदार अधिकारि मेहरबान है। सू स्पष्ट यह है कि अधिकारियों व ठेकेदारों के बीच मिली भगत कर क्षेत्रों में प्रदूषण के साथ-साथ शासन को लाखों रुपए के राजस्व की क्षति हो रही है।

दर्जनों अवैध ईंट भट्ठे संचालित कार्यवाही शून्य : लकड़ी के सहारे ईंट पकाया जा रहा है। दूसरी ओर प्रतिदिन उस क्षेत्र में दर्जनों गाड़िया अवैध उत्खनन के कार्य में लगी है जिससे शासन को लाखों रुपए के राजस्व की हानि हो रही है। विभागीय कारवाई नहीं होने से अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद है। ग्राम पैलिमेटा के अलावा गंडई के ग्राम काशिटोला, संबलपुर, चिलगुडा, पेंडरवानी, अचानकपुर, संडी, पंडरिया जैसे गांव में अवैध उत्खनन के साथ-साथ खुले आम परिवहन किया जा रहा है।

> अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठे की जानकारी हमारे पास उपलब्ध नहीं है। क्षेत्र के सभी पटवारियों को जानकारी मांगी गई है। अवैध रूप से लकड़ी परिवहन की शिकायत नहीं मिली है शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।
>
> **टीआर वर्मा,**
> तहसीलदार गंडई

व्यस्त जीवनशैली में रोगों से बचाव के लिए सावधानी बेहद जरुरी : डॉ. चौधरी

■ **विश्व स्वास्थ्य दिवस पर प्रत्येक विकासखंड में आयोजित होंगे स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। वर्तमान दौर में व्यस्त जीवनशैली के बीच विशेषकर मानसिक तनाव पर नियंत्रण करते हुए, स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाए रखना किसी चुनौती से कम नहीं है। ऐसी चुनौती पर नियंत्रण करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरुक करने हेतु विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिले के सभी विकासखंडों में स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर लगाए जाएंगे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के स्थापना दिवस के अवसर पर हर साल 7 अप्रैल को ष्विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता

है। इस साल की थीम अवर प्लानेट, अवर हेल्थ यानी हमारा ग्रह, हमारा स्वास्थ्य है। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर वैश्विक स्वास्थ्य के महत्व की ओर लोगों का ध्यान आकृष्ट करने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में इस वर्ष भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी विकासखंडों में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को स्वस्थ्य रहने के उपाय सुझाए जाएंगे तथा विभिन्न बीमारियों पर नियंत्रण हेतु परामर्श दिया जाएगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया: असंयमित दिनचर्या तथा असंतुलित जीवनशैली बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में बड़ी बाधा बनते जा रहे हैं, जबकि इस पर नियंत्रण करना जरूरी है। बीमारी से बचाव के लिए इलाज से कहीं ज्यादा जरूरी सावधानी है। बेहतर स्वास्थ्य के लिए भरपूर नींद, संतुलित आहार तथा व्यायाम आवश्यक है। इस दिशा में जनजागरुकता के लिए विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 7 अप्रैल को सभी विकासखंडों में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला अस्पताल में पोस्ट कोविड फॉलोअप कैंप लगाया जाएगा। यह शिविर सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक लगाया जाएगा।श् उन्होंने आगे बताया : शिविर में ह्दय रोग, किडनी रोग, मनोरोग, कान- नाक-गला रोग, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी (पेट से संबंधित रोग) और पलमोनोलॉजी (फेफड़ों से संबंधित रोग) के विशेषज्ञों द्वारा उचित परामर्श प्रदान किया जाएगा। शिविर में किसी भी उम्र के लोग जिन्हें कोविड-19 होने के बाद स्वास्थ्यगत परेशानियां हो रही हैं, वह पंजीयन करवा सकते हैं। इसके लिए पोस्ट कोविड की परेशानियों से पीड़ित मरीजों को पंजीयन कराना होगा। इसके बाद पंजीकृत मरीजों का विशेषज्ञों के माध्यम से चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया जाएगा।

सीएम बघेल से छग चेंबर ऑफ कामर्स एंड इण्डस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इण्डस्ट्रीज के अध्यक्ष अमर परवानी के साथ आए इण्डस्ट्रीज के अन्य पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष होलसेल कॉरीडोर परिकल्पना का प्रस्तुतिकरण दिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इण्डस्ट्रीज के महासचिव अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, प्रोजेक्ट मैनेजर मनीष पिल्लेवार, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, मनमोहन अग्रवाल एवं राम मांध्यान मौजूद थे।

बसों का संचालन में सड़क सुरक्षा के निर्देशों का पालन पर दिया जोर

रायपुर/नवप्रदेश। बसों की संतुलित गति से संचालन के संबंध में जिला परिवहन अधिकारी बलौदाबाजार द्वारा बस मालिकों और ट्रेवल्स कम्पनी के संचालकों की गत दिवस मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में बस मालिकों और संचालकों से बसों का संचालन निर्धारित गति में करने का आग्रह किया गया। आरटीओ अधिकारी ने बताया कि बस को संतुलित गति से चलाने से ना केवल यात्रियों को सुविधा होती है बल्कि गाड़ी में ईंधन की खपत भी कम होती है। उन्होंने बताया कि बसों के संचालन में सुप्रीम कोर्ट के द्वारा गठित सड़क समिति के निर्धारित समस्त मार्गदर्शी सिद्धांत और दिशा निर्देश का पालन करना आवश्यक है। राज्य स्तर से भी सड़क सुरक्षा के निर्देश प्रसारित किए जाते है। सड़क सुरक्षा को अपना कर ही हम रोड ऐक्सिडेंट को कम कर सकते है और इससे होने वाली जान माल की हानि को रोक सकते है। सड़क सुरक्षा के बारे में यदि में ध्यान देंगे और सभी गाड़ी के ड्राइवर्स को भी अवगत कराएंगे तो जान माल की हानि रोकी जा सकती है। जिला परिवहन अधिकारी ने यह भी बताया कि सड़क सुरक्षा सभी का सामाजिक उत्तरदायित्व है, जिसमें परिवहन विभाग के साथ सभी के सहयोग की अपेक्षा है। बस संचालको की मांग के अनुसार जिला परिवहन अधिकारी के द्वारा बस के ड्राइवरों के लिए हेल्थ कैम्प लगाकर जांच कराने हेतु पहल की गई।

सुपेबेड़ा में शिविर लगाकर किडनी रोग पीड़ितों का किया गया इलाज

■ **हर बुधवार को लगाया जाएगा आयुर्वेद चिकित्सा शिविर**

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के सुपेबेड़ा में शिविर आयोजित कर किडनी रोग पीड़ितों का इलाज कर दवाईयां दी गई। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर के विशेषज्ञों और गरियाबंद जिले के आयुर्वेद विशेषज्ञों ने सुपेबेड़ा स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित चिकित्सा शिविर में सुपेबेड़ा और आसपास के गांवों के किडनी रोग से पीड़ितों का परीक्षण कर उपचार किया। सभी मरीजों को दवाईयां भी दी गई। आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. रंजीत कुमार दास, डॉ. एसडी खिचारिया, डॉ. मनीष पटेल और डॉ. राजकुमार कन्नौजे ने शिविर में मरीजों का इलाज किया। सुपेबेड़ा और आसपास के गांवों के किडनी रोग से पीड़ितों के उपचार के लिए अब हर बुधवार

को सुपेबेड़ा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में पंचकर्म विशेषज्ञ चिकित्सक, आयुर्वेद चिकित्सक एवं फार्मासिस्ट भी मौजूद रहेंगे। शिविर में मरीजों का त्वरित उपचार कर निःशुल्क दवाईयां दी जाएंगी। आवश्यकता होने पर उच्च स्तरीय उपचार के लिए मरीजों को रिफर भी किया जाएगा। आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञों ने शिविर में ग्रामीणों को बताया कि किडनी को स्वस्थ रखने और कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए आयुर्वेद वनस्पतियों गोक्षुर, पुनर्नवा, आंवला, मुलेठी, गुग्गुल आदि का प्रयोग करना चाहिए।

माओवादियों ने पर्यटन केंद्र का किया विरोध, देवी देवताओं के अधिकारों का संघर्ष करने की अपील

भोपालपटनम/नवप्रदेश। माओवादियों ने बस्तर से विदेशी पर्यटक केंद्र गो बैक का नारा देकर व कई मामलों को लेकर प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में लिखा है कि भ्रमण हिंदुत्व फ ांसीवादी सरकार द्वारा उनके मुनाफा के लिए 6 वर्षो से लेकर आज तक कई तरह के जनविरोधी योजना अपना रही है। आदिवासी इलाके की जनता को विकास की बात करते हुए दूसरी और भूमिहीन श्रमिक मजदूरों की जल जंगल जमीन को हड़पने उनके कब्जे में रखना चाह रही है। इस दौरान देश में 2014 में सत्ताधारी होकर काम करने आए देश जनविरोधी ब्राह्मण हिंदुत्ववादी भाजपा-कांग्रेस सरकार बहुत ध्यान देकर जिंदल, मित्तल, अडानी, अंबानी, जैसे करोड़पति कॉरपोरेट वर्गो को फायदा पहुंचाने के लिए सड़क संचार व्यवस्था कनेक्टिविटी, पुल-पुलिया, पर्यटन केंद्र, मोबाइल टावर, पुलिस कैम्प को विस्तार यानी मजबूत करने में जोर देते हुए इसे बढ़ावा दे रही है। माओवादियों ने आगे लिखा है कि बीजापुर जिले के तेलंगाना छत्तीसगढ़ का सीमावर्ती इलाका पटनम ब्लॉक तारलागुडा, भद्रकाली चांदूर इन गांव के अंतर्गत रहने वाली कररेगुड़ा पहाड़ में चुन्नालोई-पेद्दालोई झरना एक करोड़ 88 लाख की लागत से मंजूरी कर पर्यटन केंद्र का घोषणा की है और मट्टीमरका के जीतमगंडी में पर्यटन केंद्र बनाने की प्रक्रिया चल रहा है। उसूर ब्लॉक में नमीदार, मंगलनर, लंकपल्ली, गांव में होते हुए बहने वाली झरना नीलम सराई भैरमगढ़ ब्लाक के नेलसनार, मंगलनार इन जगह में पर्यटन केंद्र बनाने के लिए करोडों स्वीकृति हुई है। इन पर्यटन केंद्रों को संचालन करने के लिए 7 अगस्त 2021 को कलेक्टर रितेश अग्रवाल, एसपी कमललोचन कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियाम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा यह जानकारी देते हुए घोषणा की और इन कार्य योजनाओं को निरंतर रूप से चलाकर कंप्लीट करने से एक समिति का गठन किया है अब समिति के माध्यम से बे रोक टोक काम करने के प्रयास कर रही है। इसके साथ-साथ यही पटनम ब्लॉक में कुचनुर एवं धनगोल गांव में पहले मौजूद कोरंडम खदान को खुले तौर तरीके से टेंडर के लिए माध्यम से लूटने के लिए माइनिंग कंपनी को तैनात करने की कोशिश कर रही है। बीजापुर जिले में हमारे आदिवासियों का हाथों में रहने वाली मोरीनदी, मेसोर घाट तुमनार, बंडलापाल, मंगलवार, गणेशबहर दरभा उसकापटनम, सातदर, पतोरपारा, चेरपाल, पोजेड, पटनम ब्लॉक के चिंतावागु, इंद्रावती, मिनगाचल जैसे नदी नालों का रेट प्रति ट्रैक्टर पांच हजार रुपये बेच रही है इसलिए उनके आधार पर कहा गया तो जल जंगल जमीन अस्तित्व के ऊपर आदिवासी का साथ में हक अधिकार नहीं देना का कुटिल नीतियों को भाजपा कांग्रेस सरकार अमल कर रही है।

यंग इंडिया के बोल सीजन 2 का राजधानी रायपुर से हुआ आगाज

■ **भारतीय युवा कांग्रेस देश भर से निकाल रही है प्रतिभावान युवा प्रवक्ता**

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुबोध हरितवाल, यंग इंडिया छग प्रभारी शिल्पा एक्का, पीसीसी महामंत्री अमरजीत चावला, पीसीसी प्रवक्ता विकास तिवारी ने बुधवार को राजीव भवन में पत्रकार वार्ता के साथ यंग इंडिया के बोल सीजन 2 लॉन्च किया। इस दौरान महामंत्री अशरफ हुसैन, प्रवक्ता राहुल कर, अंशुल मिश्रा, नम्रता सोनी आकाश यदु समेत युवा उपस्थित रहे। सुबोध हरितवाल ने बताया कि राहुल गांधी की उस सोच को मूर्त रूप देने में लगी हुई है जिस सोच के अंतर्गत राहुल गांधी ने पूरे देश भर से होनहार युवाओं को आगे लाने की ठानी है। इसी कड़ी में भारतीय युवा कांग्रेस यंग इंडिया के बोल प्रवक्ता चयन प्रतियोगिता के माध्यम से देश भर से प्रतिभावान युवाओं को चयन कर दिल्ली के मंच में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने का अवसर दे रही है। 2021 में भारतीय युवा कांग्रेस ने यंग इंडिया के बोल का सफल आयोजन कर

देशभर के विभिन्न क्षेत्रों से राष्ट्रीय स्तर के 27 प्रवक्ताओं का चयन किया वही 250 से ज्यादा प्रदेश प्रवक्ता भी इसी मंच के माध्यम से चयनित हुए। राहुल गांधी की सोच को पुनः साकार करने के उद्देश्य से भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लवरू के मार्गदर्शन में तथा भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास के नेतृत्व में देशभर में यंग इंडिया के बोल सीजन 2 का आगाज किया जा रहा है विगत 26 मार्च को यंग इंडिया के बोल सीजन 2 की लॉन्चिंग भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यालय से राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के द्वारा की गयी इसी प्रकार विधिवत रूप से देशभर के सभी राज्यों में यंग इंडिया के बोल सीजन 2 की लॉन्चिंग की जा रही है।

राहुल की सोच, देश के युवाओं को आगे लाने का

प्रवक्ता शिल्पा एक्का ने बताया कि राहुल गांधी की सोच है कि देश भर से प्रतिभावान युवाओं को आगे लाना है तथा देश की उन्नति में उन्हें भागीदार बनाना है जिसे मूर्त रूप देने के लिए युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लवरू एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास के निर्देश पर यंग इंडिया के बोल सीजन 2 की लॉन्चिंग छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से की जा रही है। इसके अंतर्गत 31 मई तक गूगल फार्म के माध्यम से प्रतिभागी आमंत्रित किये जाऐंगे उसके उपरांत 1 जून से 31 जुलाई तक विधानसभा एवं जिला स्तर पर प्रतिभागीयों की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिला तथा विधानसभा स्तर में सफलता हासिल करने वाले प्रतिभागीयों के लिए 1 अगस्त से 20 सितंबर के बीच राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय युवा कांग्रेस करेगी,राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागीयों को 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा जो कि भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यालय दिल्ली में संपन्न होगा, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना लोहा मनवाने वाले प्रतिभागीयों को भारतीय युवा कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा प्रदेश प्रवक्ता के रूप में नियुक्ति प्रदान करेगी।